किसी भी जीवन में आपका एकमात्र दायित्व स्वयं के प्रति सच्चा होना है।

देश का प्रमुख दैनिक समाचार-पत्र

जनहित का सजग प्रहरी

# जन जन जागरण



Web Site: www.janjanjagran.com | झांसी और भोपाल से एक साथ प्रकाशित | झांसी, मंगलवार 18 नवम्बर 2025 | वर्ष-15 अंक- 89 पृष्ठ - 08 मूल्य 3 रुपए



## ब्रीफ न्यूज

### एयरपोर्ट पर 1.55 करोड़ का सोना जब्त

**शमशाबाद।** शमशाबाद एयरपोर्ट पर अधिकारियों ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए शारजाह से आए एक यात्री से भारी मात्रा में सोना बरामद किया। सोने का कुल वजन और उसकी शुद्धता जांचने के बाद इसकी अनुमानित कीमत करीब 1.55 करोड़ रुपये बताई गई। यह कार्रवाई उस समय की गई जब कस्टम टीम ने नियमित जांच के दौरान यात्री के सामान को स्कैन किया। स्कैनिंग में उन्हें सामान के अंदर संदेहास्पद वस्तु नजर आई। इसके बाद टीम ने बैग को अलग ले जाकर जांच की। जांच में अधिकारियों को एक आयरन बॉक्स मिला। बॉक्स को खोलकर देखा गया तो उसके अंदर 11 सोने की सिल्लियां रखी थीं। अधिकारियों के अनुसार ये सभी सिल्लियां बड़ी सावधानी से बॉक्स में छिपाई गई थीं ताकि पकड़ में न आएं।

### टॉम क्रूज मानद ऑस्कर से सम्मानित

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड अभिनेता टॉम क्रूज को 16वें गवर्नर्स अवॉर्ड्स में मानद ऑस्कर से सम्मानित किया गया। अभिनेता को लॉस एंजिल्स के ओवेशन हॉलीवुड में रे डॉल्बी बॉलरूम में आयोजित गवर्नर्स अवार्ड्स 2025 के दौरान सिनेमा में उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए सम्मानित किया गया। टॉम के अलावा, डॉली पार्टन, कोरियोग्राफर डेबी एलन और प्रोडक्शन डिजाइनर व्यान थॉमस को भी सम्मानित किया गया। टॉम क्रूज ने अपने भाषण में सिनेमा के कोलैबोरेटिव और ट्रांसफॉर्मेटिव स्वरूप पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सिनेमा मुझे दुनियाभर में ले जाता है। यह मुझे विविधताओं की सराहना और सम्मान करने में मदद करता है। यह मुझे हमारी साझा मानवता भी दिखाता है कि हम कितने मायनों में एक जैसे हैं। चाहे हम कहीं से भी आते हों, उस थिएटर में, हम साथ हंसते हैं, साथ महसूस करते हैं, साथ उम्मीद करते हैं और यही इस कला की शक्ति है। यही मेरे लिए मायने रखता है। इसलिए फिल्में बनाना मेरा काम नहीं है, बल्कि मैं जो हूं, वही है।

### कार ने बारातियों को रौंदा, 3 की मौत

**बेतिया।** बेतिया में बेकाबू कार ने बारातियों को रौंद दिया, जिसमें 3 की मौत हो गई, जबकि 16 जख्मी हैं। हादसा बेतिया-बगहा नेशनल हाईवे पर बिशुनुरवा गांव के पास हुआ। मरने वालों में दूल्हे के फूफा और अगुआ भी हैं। जबकि घायलों में से 2 की हालत नाजुक है। एक्सीडेंट दुल्हन के घर के सामने हुआ। सभी बाराती खाना खाकर सड़क पार कर रहे थे, तभी बेकाबू कार ने कुचल दिया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को लौरिया सीएचसी में भर्ती कराया। अस्पताल पहुंचे बारातियों के परिजनों ने इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगा कर जमकर हंगामा किया।

### हाईटेंशन लाइन से जिंदा जला युवक

**जबलपुर।** जबलपुर में एक युवक बंदरों को भगाने के चक्कर में जिंदा जल गया। रविवार रात जैसे ही उसने बंदरों को भगाने के लिए लोहे की रॉड ऊपर उठाई, वह हाईटेंशन बिजली की लाइन से टकरा गई। जोरदार धमाका हुआ और युवक जलने लगा। कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई। हादसा गोकलपुर की तीन मंजिला इमारत में हुआ। यहां शिव प्रसाद पटेल का लोअर बनाने का कारखाना चलता है। कजरवारा निवासी संजय यादव यहां काम करता था। वह रात में किसी काम से छत पर गया था। बिल्डिंग की छत के नजदीक ही हाईटेंशन लाइन गुजर रही है, तभी उसे वहां बंदर दिखाई दिए।

### ज्वालामुखी फटा, 4.4 किमी ऊपर उछली राख

**बीजिंग।** जापान के पश्चिमी द्वीप क्युशू पर एक बड़ा ज्वालामुखी विस्फोट हो गया। इस ज्वालामुखी का नाम साकुराजिमा है, जो कागोशिमा शहर के पास दक्षिणी छोर पर स्थित है। रविवार को यह तीन बार फटा। इससे धुआं और राख का गुबार हवा में 4.4 किलोमीटर (लगभग 2.73 मील) ऊंचा उठ गया। इसकी वजह से कागोशिमा हवाई अड्डे से 30 उड़ानें रद्द हो गईं। राख का गुबार इतना ऊंचा था कि आसमान में काला बादल छा गया।

## मुख्यमंत्री कल करेंगे उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक, ध्वजारोहण समारोह की तैयारियों का करेंगे निरीक्षण

**लखनऊ।** श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के गर्भगृह के शिखर पर ध्वजारोहण समारोह 25 नवंबर को आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम की तैयारियों को परखने के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को अयोध्या आएंगे। वह राम मंदिर परिसर में अब तक की तैयारियों का निरीक्षण करने के साथ उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक करेंगे।



शिखर पर ध्वज फहराने के साथ राम मंदिर का निर्माण कार्य पूरी तरह से समाप्त हो जाएगा। इसके बाद मंदिर आम भक्तों के लिए पूरी तरह खोलने की तैयारी है। अभी केवल गर्भगृह और प्रथम तल तक ही भक्तों को प्रवेश मिल रहा है। शिखर पर ध्वजारोहण के बाद पूरे मंदिर परिसर में दर्शन की व्यवस्था प्रभावी हो जाएगी। ध्वजारोहण समारोह में आने वाले संत-महंत, वीवीआईपी और विशेष अतिथियों की संख्या आठ हजार से अधिक होने का अनुमान है।

समारोह में भीड़ प्रबंधन के लिए मंदिर परिसर में ही दो बड़े खोया-पाया कैंप स्थापित किए जाएंगे। इन कैंपों में खोए हुए लोगों को तुरंत खोजने और उनके परिजनों से मिलाने की व्यवस्था रहेगी। इसके अलावा अतिथि देवो भव: की भावना के साथ मेहमानों का भव्य स्वागत किया जाएगा। सभी अतिथियों के लिए ठहरने, भोजन और परिवहन की उच्चस्तरीय व्यवस्था की जा रही है। सीएम योगी ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि यह कार्यक्रम विश्व पटल पर भारत की आस्था और संस्कृति का प्रतीक बने। मंगलवार को समीक्षा बैठक में वह खुद हर व्यवस्था को परखेंगे और पीएम के कार्यक्रम स्थलों का निरीक्षण करेंगे ताकि 25 नवंबर का कार्यक्रम ऐतिहासिक व अविस्मरणीय बन सके।

### बहु स्तरीय रहेगी सुरक्षा व्यवस्था

डीएम निखिल टीकाराम फुंडे ने बताया कि 25 नवंबर के कार्यक्रम को देखते हुए अयोध्या में बहु स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था रहेगी। हजारों पुलिसकर्मी, पीएसी, सीआरपीएफ और खुफिया एजेंसियों की टीमें तैनात रहेंगी। ड्रोन और सीसीटीवी से पूरे शहर की निगरानी की जाएगी। राम मंदिर ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्र ने कहा कि शिखर पर ध्वज फहराने के बाद राम मंदिर का स्वरूप पूर्ण रूप से दिव्य हो जाएगा। नौ शिखरों वाले इस भव्य मंदिर में मुख्य शिखर पर भगवा ध्वज लहराता देख करोड़ों रामभक्त हर्षित होंगे।

## डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक बोले-यूपी में भी राजद जैसा होगा समाजवादी पार्टी का हाल, जनता नहीं भूली है जंगलराज



**प्रयागराज।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि उत्तर प्रदेश में भी समाजवादी पार्टी का हालत राष्ट्रीय जनता दल (राजद) जैसा होगा। यूपी की जनता सपा के जंगलराज को भूली नहीं है। राजद के जंगलराज को जनता ने सिरे से नकार दिया है। आज भी बिहार के लोग राजद के जंगलराज को याद करके डर जाते हैं। डिप्टी सीएम सोमवार को प्रयागराज में अमर उजाला की ओर से आयोजित चिकित्सक सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे थे।

डिप्टी सीएम पाठक ने कहा कि उत्तर प्रदेश में भी समाजवादी पार्टी का हालत राजद जैसा होने वाला है। यूपी की जनता ने सपा को अपने हृदय से निकाल दिया है। 2027 में फिर प्रचंड बहुमत से यूपी में भाजपा की सरकार बनने जा रही है। चुनाव आयोग समेत अ कि संविधानिक संस्थाओं पर आरोप लगाना पुराना ढर्रा है। चुनाव हारने के बाद निर्वाचन आयोग पर सवाल उठाना शर्मनाक है।

## गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में हुई उत्तर क्षेत्रीय परिषद की बैठक

### फरीदाबाद में जुटे कई प्रदेश के मुख्यमंत्री

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को हरियाणा के फरीदाबाद में उत्तर क्षेत्रीय परिषद की बैठक की अध्यक्षता की। इस बैठक में केंद्र सरकार, राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेशों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ-साथ उत्तरी क्षेत्र के प्रमुख राजनेता शामिल हुए। इसमें राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, दिल्ली के उपराज्यपाल




विनय कुमार सक्सेना, जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता शामिल हुए।

उत्तर क्षेत्रीय परिषद में निम्नलिखित राज्य और केंद्र शासित प्रदेश में हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, पंजाब राजस्थान, दिल्ली (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र), जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, चंडीगढ़ शामिल है।


बैठक की शुरुआत में, दिल्ली लाल किला विस्फोट में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि देने के लिए एक मिनट का मौन रखा गया। बैठक के दौरान जिन महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा होने की उम्मीद है, वे हैं राज्य सरकारों के बीच समन्वय, जल बंटवारे से संबंधित मुद्दे और विकास कार्यों की प्रगति।

### क्षेत्रीय परिषदों का महत्व

क्षेत्रीय परिषदें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के टीम भारत के दृष्टिकोण को पूरा करती हैं। ये इस विश्वास के साथ महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं कि सशक्त राज्य एक मजबूत राष्ट्र बनाते हैं। ये दो या दो से अधिक राज्यों या केंद्र को प्रभावित करने वाले मुद्दों पर संवाद के लिए एक संरचित तंत्र प्रदान करती हैं। ये पिछले कुछ वर्षों में विभिन्न क्षेत्रों में आपसी समझ और सहयोग के स्वस्थ संबंधों को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण साबित हुई हैं।

ये महिलाओं, बच्चों के विरुद्ध यौन अपराधों के मामलों की त्वरित जांच और उनके शीघ्र निपटारे के लिए फास्ट ट्रैक विशेष अदालतों के कार्यान्वयन जैसे राष्ट्रीय महत्व के व्यापक मुद्दों पर भी चर्चा करती हैं।

## कर्नाटक के बेलगावी जू में 31 काले हिरणों की मौत, वन मंत्री ने दिए उच्च स्तरीय जांच के आदेश



**बेलगावी।** कर्नाटक के कित्तूर रानी चेन्नम्मा चिड़ियाघर में चार दिनों के भीतर हुई 31 काले हिरणों (ब्लेकबक) की मौत से वन विभाग और प्रशासन सकते में आ गया है। प्रारंभिक जांच में इन मौतों का कारण गंभीर जीवाणु संक्रमण बताया गया है। इस घटना के बाद चिड़ियाघर में काले हिरणों की संख्या घटकर केवल 7 रह गई है। वन मंत्री ने काले हिरणों की मौत की उच्च स्तरीय जांच के आदेश दे दिए हैं। जानकारी अनुसार पिछले चार दिनों में 31 हिरणों की मौत हुई है। चिड़ियाघर सूत्रों के अनुसार, गुरुवार को 8 हिरण, शनिवार को 20 हिरण और पिछले दो दिनों में 3 और हिरणों की मौत हुई है। लगातार हो रही मौतों ने वन विभाग को तत्काल कार्रवाई के लिए मजबूर कर दिया।

कर्नाटक के वन मंत्री ईश्वर खंड्रे बेलगावी पहुंचे और चिड़ियाघर अधिकारियों से विस्तृत बैठक की। उन्होंने घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा, प्रथम दृष्टया काले हिरणों की मौत जीवाणु संक्रमण से हुई है। विशेषज्ञों और पशु चिकित्सकों की टीम इलाज में लगी है, और हम बीमारी के स्रोत की जांच कर रहे हैं।

## नीतीश ने सौंपा राज्यपाल को इस्तीफा, 10वीं बार सीएम पद की शपथ लेने की तैयारी, गांधी मैदान में होगा शपथ ग्रहण समारोह



**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए की ऐतिहासिक जीत के बाद नई सरकार गठन की प्रक्रिया औपचारिक रूप से शुरू हो गई है। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान को अपना इस्तीफा सौंप दिया। इससे पहले उन्होंने अपनी सरकार की आखिरी कैबिनेट बैठक की अध्यक्षता की, जिसमें मौजूदा विधानसभा को भंग करने का प्रस्ताव पारित किया गया। राज्यपाल से मुलाकात के बाद नीतीश कुमार ने कहा कि अब नई सरकार के गठन का रास्ता पूरी तरह साफ है।

नई सरकार गठन के क्रम में मंगलवार को जदयू विधायकों की बैठक बुलाई गई है। भाजपा विधायक दल की बैठक भी इसी दिन होगी। दोनों दलों की बैठकों के बाद एनडीए गठबंधन की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें विधायक दल के नेता का चयन किया जाएगा। इसके बाद राज्यपाल के समक्ष सरकार गठन का दावा पेश किया जाएगा। चूंकि एनडीए की ओर से नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री पद का चेहरा पहले ही घोषित किया जा चुका है, अत: यह तय माना जा रहा है कि नीतीश कुमार 10वीं बार सीएम पद की शपथ लेने को तैयार हैं।

सूत्रों से सोमवार को मिली जानकारी के अनुसार, नीतीश कुमार 20 नवंबर को पटना के गांधी मैदान में मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। बड़े स्तर पर होने वाले इस आयोजन के लिए तैयारियां युद्धस्तर पर की जा रहीं हैं। केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी ने बताया कि नई कैबिनेट में कुल 36 मंत्रियों को शामिल किया जाएगा। इनमें 16 मंत्री भाजपा से, 15 जदयू से, 3 लोजपा (रामविलास) से तथा हम और रालोमो से 1-1 मंत्री शामिल होंगे।

जानकारी अनुसार शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति की भी पुष्टि हुई है।

## कड़ाके की ठंड की चपेट में आए उत्तर और मध्य भारत

### भोपाल में 84 साल बाद बना नया रिकॉर्ड, राजस्थान-दिल्ली में तापमान लुड़का

**नई दिल्ली।** उत्तर और मध्य भारत में ठंड तेज़ी से बढ़ रही है। भोपाल में रविवार और सोमवार की दरमियानी रात का तापमान 5.2 डिग्री दर्ज किया गया, जो सामान्य से 9.2 डिग्री कम है। एक ही रात में 1.2 डिग्री की गिरावट दर्ज हुई और इसी के साथ 1941 का 84 साल पुराना नवंबर के रिकॉर्ड के मुकाबले यह नया रिकॉर्ड बन गया।



दिल्ली में भी नवंबर की ठंड ने तीन साल पहले के मुकाबले नया रिकॉर्ड बनाया है। यहां रविवार को न्यूनतम तापमान 9 डिग्री रहा। यह सामान्य से 4.5 डिग्री कम है। हालांकि अभी कोल्ड वेव घोषित नहीं की गई है, लेकिन मौसम विभाग ने संकेत दिया है कि सोमवार रात भी तापमान गिरा तो आधिकारिक कोल्ड वेव की घोषणा हो सकती है। यहां प्रदूषण के मोर्चे पर भी राहत नहीं मिली। सोमवार सुबह दिल्ली का एक्यूआई 359 दर्ज हुआ, जो 'बहुत खराब' श्रेणी में है। ग्रेप-3 लागू होने के बावजूद हवा की गुणवत्ता में सुधार नहीं दिख रहा है।

राजस्थान में भी मौसम बेहद सर्द रहा। रविवार को 16 शहरों में पारा 10 डिग्री से नीचे दर्ज किया गया। सीकर 4.3 डिग्री के साथ प्रदेश का सबसे ठंडा शहर रहा। कई इलाकों में रात का तापमान सामान्य से 6 डिग्री तक नीचे रहा। उत्तर भारत से आने वाली तेज़ ठंडी हवाओं ने राजस्थान सहित कई राज्यों में ठिठुरन बढ़ा दी है। मौसम केंद्र जयपुर ने 4 जिलों में कोल्ड वेव का येलो अलर्ट जारी किया है।

### ठिठुर रहा मध्य प्रदेश

मध्य प्रदेश भी मध्य नवंबर माह में ठिठुर रहा है। भोपाल और इंदौर में तापमान रिकॉर्ड स्तर तक जा चुका है। ग्वालियर, जबलपुर, उज्जैन में भी कड़ाके की ठंड है। अगले दो दिनों के लिए कई जिलों में शीतलहर का अलर्ट जारी है। वैसे फिलहाल राज्य के अधिकांश जिलों में स्कूलों के समय परिवर्तन को लेकर कोई आदेश जारी नहीं किया गया है। जानकार कहते हैं कि ठिठुरन और बढ़ेगी ऐसे में स्कूलों का समय बदलने की आवश्यकता महसूस होगी।

## कतर के बाद मॉस्को पहुंचे विदेश मंत्री जयशंकर... रूसी समकक्ष लावरोव से मुलाकात

**नई दिल्ली।** भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर के रूस दौरे में अपने रूसी समकक्ष सर्गेई लावरोव से मुलाकात करने वाले है। विदेश मंत्री जयशंकर रूस दौरे से पहले दोहा, कतर में थे, जहाँ उन्होंने कतर के प्रधानमंत्री मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान बिन जसीम अल थानी से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान दोनों देशों के बीच सहयोग की वर्तमान स्थिति और भविष्य के राजनीतिक कार्यक्रमों की समीक्षा करना। दिसंबर में होने वाले राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के भारत दौरे की तैयारी और समीक्षा करना। एससीओ (शंघाई सहयोग संगठन), ब्रिक्स, संयुक्त राष्ट्र, और जी20 के भीतर सहयोग पर चर्चा करना। एससीओ राष्ट्राध्यक्ष परिषद की बैठक (17-18 नवंबर) को लेकर चर्चा करना, जिसके लिए जयशंकर एक आधिकारिक प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करते हुए मास्को पहुंचे हैं। भारत-रूस संबंधों की वर्तमान स्थिति पर ध्यान केंद्रित करना और राजनीतिक सहयोग के भविष्य के रास्तों की रूपरेखा तैयार करना।

## सऊदी अरब में बड़ा हादसा, मक्का से मदीना जा रहे 42 भारतीयों की मौत

**नई दिल्ली।** सऊदी अरब में रविवार-सोमवार की दरमियानी रात एक दर्दनाक हादसा हो गया है। यहां बस और टैंकर की भिड़ंत में 42 से ज्यादा भारतीयों की मौत हो गई। हादसे का शिकार हुई बस उमरा यात्रियों को लेकर जा रही थी। तभी टैंकर से टक्कर हुई और इसमें आग लग गई। जिसमें 42 लोगों की जलकर मौके पर ही मौत हो गई। मदीना के पास हुए इस हादसे को लेकर माना जा रहा है कि सभी मृतक भारतीय नागरिक हैं, जिनमें कई हैदराबाद के बताए जा रहे हैं।

जानकारी के मुताबिक भारतीय समयानुसार रविवार और सोमवार की दरम्यानी रात करीब रात 1:30 के आसपास की घटना है। बस मुफरीहाट से



गुजर रही थी। रिपोर्ट के मुताबिक दुर्घटना के वक्त ज्यादातर यात्री सो रहे थे। बस में आग लगी तो लोग हड़बड़ा गए और अचानक बाहर भी नहीं निकल पाए। रिपोर्ट्स के मुताबिक दुर्घटना में मारे गए लोगों में 11 महिलाएं और 10 बच्चे शामिल हैं। सरकार ने मृतकों के परिवारों के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किया है जो कि इस प्रकार है, +91 7997959754, +91 9912919545. वहीं सऊदी अरब में भारतीय दूतावास की तरफ से हेल्पलाइन नंबर 8002440003 जारी किया गया है।

स्थानीय मीडिया के मुताबिक उमरा यात्रियों को लेकर जा रही बस की डीज़ल टैंकर से जोरदार टक्कर हो गई, जिसके बाद बस में भीषण आग लग गई। हादसा मदीना के पास हुआ और कम से कम 42 लोगों की जलकर मौत होने की पुष्टि की गई है।

## वोटर लिस्ट रिवीजन-केरल और राजस्थान में बीएलओ ने खुदकुशी की

### परिवार बोले- काम का दबाव था; 12 राज्यों में अब तक 49 करोड़ फॉर्म बंटे

**नई दिल्ली।** केरल और राजस्थान में एसआईआर को लेकर काम के तनाव में दो बीएलओ के खुदकुशी की खबर है। न्यूज एजेंसी पीटीआई के मुताबिक केरल के कन्नूर में एक सरकारी स्कूल में स्टाफ अनीश जॉर्ज (44) ने रविवार को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वह चुनाव के लिए बीएलओ बनाए गए थे। परिजन का आरोप है कि अनीश ने यह कदम एसआईआर से जुड़ी काम की टेंशन के चलते उठाया। दूसरी ओर, जयपुर में एसआईआर कार्यक्रम से परेशान बीएलओ ने ट्रेन के आगे छलांग लगा दी। कालवाड़ के धर्मपुरा निवासी मुकेश कुमार जांगिड़ (48) सरकारी टीचर थे।

## » न्यूज कैप्सूल »

### नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**चित्रकूट।** बीते रविवार को मानिकपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने सोमवार को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। मानिकपुर थाना प्रभारी ने बताया कि बीते रविवार को मानिकपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने सूचना दी कि रविवार की सुबह उसकी नाबालिक पुत्री शौच क्रिया के लिए खेत गयी हुई थी इस दौरान वहां मौजूद सकरौंहा गांव निवासी अमृतलाल ने उसकी पुत्री को अकेले पाकर उसके साथ छेड़छाड़ व दुष्कर्म किया। जिसकी सूचना उसकी पुत्री ने उसे घर आकर दी। इस सूचना पर थाना मानिकपुर में आरोपी के विरुद्ध सम्बन्धित धाराओं में अभियोग पंजीकृत करते हुए गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम को लगाया गया। जिसके क्रम में थाना मानिकपुर के उपनिरीक्षक गौरव तिवारी व उनकी टीम आरक्षी कुलदीप शर्मा व शरद सिंह द्वारा सोमवार को मुखबिर की सूचना पर आरोपी अमृतलाल को गिरफ्तार कर लिया गया।

### पुलिस टीम ने बैंक व वित्तीय संस्थानों में चलाया जांच अभियान

**चित्रकूट।** जनपद में सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त रखें जाने के दृष्टिगत सोमवार का सभी थाना क्षेत्रान्तर्गत आने वाले बैंक व वित्तीय संस्थानों में पुलिस टीम द्वारा जांच अभियान चलाया गया। जांच अभियान के दौरान पुलिस टीम ने बैंकों में सुरक्षा रजिस्टर का अवलोकन करते हुए ड्यूटि में लगे पुलिसकर्मियों को सुरक्षा सम्बन्धी आवश्यक निर्देश दिये एवं सतर्कतापूर्वक ड्यूटि करने की सलाह दी। साथ ही बैंक में लगे अलार्म, सायरन, सीसीटीवी कैमरों का आदि के संचालन की भी जांच करते हुए शाखा प्रबंधकों से सुरक्षा सम्बन्धी आवश्यक वार्ता की। इस दौरान बैंक परिसर में मौजूद संदिग्ध व्यक्तियों की भी जांच की गई तथा अनावश्यक रूप से बैठे व्यक्तियों को बैंक परिसर से बाहर कर किया गया।

### देशी तमंचा के साथ एक गिरफ्तार

**चित्रकूट।** जनपद में अपराध पर अंकुश लगाने के लिए अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में थाना पहाड़ी के उपनिरीक्षक श्यामदेव सिंह तथा उनके हमराही आरक्षी मृत्युन्जय पाण्डेय व नवीन कुमार द्वारा आरोपी आनन्द कुमार श्रीवास निवासी ग्राम चौरा थाना पहाड़ी को देशी तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में आरोपी के विरुद्ध थाना पहाड़ी में आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया।

### सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा धारकों के विरुद्ध राजस्व विभाग ने की बड़ी कार्रवाई

#### कब्जा हटाने के आदेश के साथ ठोका लाखों का जुर्माना

**गुरसरांय।** आखिर अब राजस्व विभाग सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा धारकों भूमाफियाओं के खिलाफ सख्त एक्शन में आ गया है। बताते चलें गांव सभा की भूमि पर अवैध निर्माण कर कब्जा करने के मामले में तहसील प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाया है। लेखपाल की शिकायत पर तहसीलदार गरौठा अमृतलाल ने दिनांक 30 अक्टूबर 2025 को आदेश पारित करते हुए ग्राम सभा की जमीन से अवैध कब्जा हटाने और दो लाख सोलह हजार रुपये मात्र का जुर्माना लगाने का निर्णय लिया। बताते चलें कि ग्राम डुडी की भूमि संख्या 661, रकबा 1.841 हे0 में से 240 वर्गमीटर क्षेत्रफल पर सीमेंट के पिलर लगाकर अवैध निर्माण किया गया था। यह कब्जा अशोक पुत्र सुम्मेर एवं राममिलन पुत्र कमल, निवासीगण ग्राम डुडी द्वारा किया गया। लेखपाल ने दोनों व्यक्तियों के खिलाफ गांव सभा की भूमि पर अवैध कब्जे की शिकायत तहसीलदार गरौठा को भेजी, जिसके आधार पर धारा 67, उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। सुनवाई के बाद तहसीलदार ने अवैध निर्माण हटाने हेतु 15 दिवस का समय दिया था, लेकिन निर्धारित समय सीमा के बावजूद कब्जा धारियों द्वारा निर्माण नहीं हटाया गया। निर्देशों की अवहेलना को देखते हुए अब वसूली हेतु प्रपत्र जारी कर दिया गया है और प्रशासन द्वारा आगे की कार्रवाई जारी है।

### दबंग व्यक्ति ने युवक से छीने 35 हजार रुपये, पीड़ित बोला बच्चे के इलाज के लिए जेवरात गिरवी रखकर ब्याज पर लाया था पैसा

**हमीरपुर।** जनपद में राठ कोतवाली क्षेत्र के सरसई गांव एक दबंग व्यक्ति ने तालाब के पास खड़े एक युवक की जेब में रखे 35 हजार रुपए छीन लिए। घटना के बाद पी?ित व्यक्ति ने पुलिस को सूचना दी तथा आज सोमवार को कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

राठ कोतवाली क्षेत्र के सरसई गांव के निवासी मुन्ना पुत्र शिवचरन ने आज सोमवार को राठ कोतवाली में घटना की लिखित तहरीर देकर बताया कि कल रविवार की फॉर्म को वह गांव में तालाब के पास खड़ा हुआ था बताएं कि तभी गांव का एक दबंग व्यक्ति आया और उसकी जेब में रखे 35000 रुपए छीन कर ले गया। बताया कि घटना के बाद उसने डायल 112 पुलिस को भी सूचना देकर मौके पर बुलाया था।

# वृद्धाश्रम में किया गया विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन




**चित्रकूट।** सदर तहसील क्षेत्र के विनायकपुर गांव स्थित वृद्धाश्रम में वरिष्ठ नागरिकों एवं अभिभावकों के अधिकारों के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से सोमवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव वर्णिका शुक्ला द्वारा माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण तथा कल्याण अधिनियम 2007 विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जागरूकता कार्यक्रम में प्राधिकरण की सचिव वर्णिका शुक्ला ने बताया कि माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण तथा कल्याण अधिनियम 2007 प्रत्येक नागरिक को यह याद दिलाता है कि वृद्धजनों का सम्मान, सेवा तथा सहयोग समाज की नैतिक जिम्मेदारी है। वृद्ध माता-पिता की उपेक्षा अथवा उनके साथ दुर्व्यवहार इस अधिनियम के अंतर्गत दंडनीय अपराध है। उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद लोगों से अपील की कि वे समाज में वृद्धजनों के अधिकारों की रक्षा के लिए जागरूकता फैलाएँ और जरूरतमंद वरिष्ठ नागरिकों को विधिक सेवा प्राधिकरण से निःशुल्क कानूनी सहायता प्राप्त करने के लिए प्रेरित करें। प्रो-बोनो अधिवक्ता हेमराज सिंह ने बताया कार्यक्रम का उद्देश्य आम नागरिकों को इस अधिनियम के प्रावधानों की जानकारी देना तथा वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान, सुरक्षा और अधिकारों के प्रति समाज में जागरूकता फैलाना है। इस दौरान अधिवक्ताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं तथा विद्यार्थियों को अधिनियम के प्रमुख प्रावधानों जैसे माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिकों को भरण-पोषण का अधिकार, शिकायत निवारण की प्रक्रिया तथा वृद्धाश्रमों की व्यवस्था आदि के बारे में बताया गया। सहायक लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल कुलदीप सिंह ने कहा कि हर नागरिक का यह नैतिक और कानूनी दायित्व है कि वह अपने माता-पिता एवं परिवार के वरिष्ठ सदस्यों की देखभाल और सम्मान करे। बताया कि उपेक्षा की स्थिति में अधिनियम के अंतर्गत न्याय प्राप्त करने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सहायता प्रदान करता है।

सभी ने संकल्प लिया गया कि वे अपने क्षेत्रों में वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों के प्रचार-प्रसार के लिए सक्रिय भूमिका निभाएँगे। कार्यक्रम में वरिष्ठ नागरिकों ने अपने अनुभव साझा किए और युवाओं से पारिवारिक मूल्यों तथा सामाजिक उत्तरदायित्व निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन कामता प्रसाद ने किया। इस मौके पर संस्था प्रभारी रश्मी भारद्वाज, वरिष्ठ अधिवक्ता कमलेश कुमार सिंह, पैरालीगल वालेण्टियर साकेत सैनी सहित वृद्धजन आदि मौजूद रहे।

# डॉ पूजा गुप्ता ने रोशन किया चित्रकूट का नाम



**चित्रकूट।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ स्थित बाबू बनारसी दास यूनिवर्सिटी में सोमवार को आयोजित दीक्षांत समारोह में दंत चिकित्सा संकाय की मेधावी छात्रा डॉ. पूजा गुप्ता को एमडीएस में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने पर गोल्ड मेडल देकर सम्मानित किया गया। डॉ. पूजा चित्रकूट जनपद के उद्योगपति रामबाबू गुप्ता की सुपुत्री हैं, उनकी इस उपलब्धि से क्षेत्र में हर्ष का माहौल है।

दीक्षांत समारोह में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विभिन्न संकायों के विद्यार्थियों को उपाधियाँ प्रदान की। जिसमें दंत चिकित्सा संकाय में एमडीएस कर रही चित्रकूट के उद्योगपति रामबाबू गुप्ता की पुत्री डॉ. पूजा गुप्ता को गोल्ड मेडल प्रदान किया गया। इस दौरान सीएम योगी ने कहा कि उन्हें पूर्ण विश्वास है कि उपाधि प्राप्त कर आगे बढ़ रहे सभी विद्यार्थी भविष्य में देश और प्रदेश को नई दिशा देंगे। उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबू बनारसी दास को नमन करते हुए सभी विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। चित्रकूट प्रेस क्लब अध्यक्ष सत्यप्रकाश द्विवेदी ने डॉ पूजा गुप्ता की सफलता पर प्रसन्नता का इजकार किया है।

# खेती के लिए लाभकारी है नैनो उर्वरक का उपयोगः राजकुमार



**चित्रकूट।** 72वें अखिल भारतीय सहकारी सप्ताह (14-20 नवम्बर) के अंतर्गत जनपद में कृषि विभाग के फील्ड कर्मचारियों एवं अधिकारियों के लिए इफ्को द्वारा नैनो उर्वरक उपयोग पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नैनो उर्वरकों की उपयोग विधि, सावधानियाँ, लाभ तथा तकनीकी पहलुओं पर विस्तृत जानकारी दी गई, ताकि कर्मचारी अपने क्षेत्रों में किसानों को जागरूक कर सकें।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में इफ्को के उप क्षेत्र प्रबंधक राजवीर सिंह ने बताया कि नैनो उर्वरक ही ऐसे विकल्प हैं जो रासायनिक उर्वरकों का स्थान ले सकते हैं और धरती माता को बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने नैनो डीएपी, नैनो यूरिया, नैनो जिंक आदि के उपयोग, लाभ तथा प्रयोग के समय बरती जाने वाली सावधानियों पर विस्तार से बताया। इफ्को प्रयागराज से आए विशेषज्ञ अक्षय कुमार पांडेय ने प्रशिक्षणार्थियों को बताया कि नैनो उर्वरकों के प्रयोग से खेती की लागत में कमी आती है तथा भारत सरकार को उर्वरक सब्सिडी के मद में होने वाले भारी खर्च से भी राहत मिलती है। बताया कि नैनो डीएपी से बीज उपचार करने पर 50 प्रतिशत तक दानेदार डीएपी की बचत होती है और उत्पादन में 10-15 प्रतिशत तक वृद्धि देखी गई है। बताया कि आलू की फसल में प्रति लीटर पानी में 10 मिलीलीटर नैनो डीएपी मिलाकर कंद पर छिड़काव करना चाहिए। कंद को 30 मिनट छाया में सुखाने के बाद बुवाई की जाती है। अन्य फसलों के लिए प्रति किलो बीज 5-10 मिलीलीटर नैनो डीएपी का उपयोग बीज शोधन में किया जाता है। बुवाई के 30-35 दिन बाद प्रति एकड़ 500 मिली नैनो डीएपी व 500 मिली नैनो यूरिया 120 लीटर पानी में मिलाकर छिड़काव किया जाना चाहिए।

उप कृषि निदेशक राजकुमार ने सभी कर्मचारियों को निर्देशित किया कि वे अपने क्षेत्र में नैनो उर्वरक आधारित प्रदर्शनी लगाए और किसानों के बीच इन तकनीकों का प्रसार सुनिश्चित करें। इस दौरान पाही ग्राम के किसान रमाशंकर मिश्र को नैनो डीएपी, नैनो यूरिया, नैनो जिंक और सागरिका उपहारस्वरूप प्रदान किए गए, जिन्हें प्रदर्शन के लिए प्रयोग किया जाएगा। बताया गया कि पारंपरिक दानेदार डीएपी का उपयोग पौधे केवल 15-20 प्रतिशत तक ही कर पाते हैं, जबकि नैनो डीएपी की उपयोग क्षमता 90 प्रतिशत से अधिक है। नैनो उर्वरकों के प्रयोग से न केवल उत्पादन बढ़ता है बल्कि मिट्टी का स्वास्थ्य बेहतर होता है, रोग एवं कीट प्रकोप कम होते हैं और फसल की गुणवत्ता में भी सुधार आता है।

# बीट प्रणाली को बनाए प्रभावी और सुदृढ़ः एसपी



**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने सोमवार को पुलिस कार्यालय के चैंबर में थाना एवं चौकियों में तैनात बीट पुलिस अधिकारियों की बीट बुक का अवलोकन कर सम्बन्धितों को बीट प्रणाली को अधिक प्रभावी और सुदृढ़ बनाने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

एसपी ने कानून-व्यवस्था एवं अपराध नियंत्रण में बीट व्यवस्था की महत्वपूर्ण भूमिका पर चर्चा की। उन्होंने बीट अधिकारियों को उनके कर्तव्यों एवं अधिकारों की विस्तृत जानकारी देते हुए ग्राम प्रहरियों की भूमिका, सी-प्लान एप के उपयोग, बीट क्षेत्र में लाइसेंस धारकों, पासपोर्ट धारकों एवं संभ्रांत व्यक्तियों के विवरण को बीट बुक में दर्ज रखने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त एसपी ने थाने पर प्राप्त बीट सम्मन, नोटिस, वारंट, प्रार्थना पत्रों की जांच, चरित्र सत्यापन, पासपोर्ट से संबंधित विवेचना, तामिला कार्य तथा क्षेत्रीय त्योहारों के दौरान सतर्कता जैसे विषयों पर भी समीक्षा की। कहा कि बीट कार्य में सक्रियता, पारदर्शिता और नियमित फील्ड-इंस्पेक्शन से ही अपराध नियंत्रण व जनसुरक्षा को प्रभावी रूप से सुनिश्चित किया जा सकता है।इस मौके पर सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### अतिरिक्त दहेज में एक लाख रुपये की मांग पूरी न होने पर आक्रोशित पति ने पत्नी को बेरहमी से पीटकर किया घायल।

हमीरपुर। जनपद में राठ कोतवाली व कस्बा के पठानपुरा जलालपुर रोड इलाके में अतिरिक्त दहेज के रूप में 1 लाख रुपये की मांग पूरी न होने पर एक युवक ने अपनी पत्नी के साथ गाली गलौज करते हुए उसकी बेरहमी से पिटाई कर दी। तथा उसे जान से मारने की धमकी दे डाली। घटना के बाद पीड़ित महिला ने अपने माता - पिता के साथ राठ कोतवाली में लिखित तहरीर देकर आरोपी पति के विरुद्ध कार्रवाई की गुहार लगाई है। राठ कस्बे के पठानपुरा जलालपुर रोड इलाके की निवासी महिला शिवानी पत्नी महिपाल ने आज सोमवार की दोपहर करीब 12 बजे राठ कोतवाली में लिखित तहरीर देकर बताया कि उसका विवाह बीते 4 वर्ष पूर्व राठ कोतवाली क्षेत्र के इटाइल गाँव के निवासी महिपाल के साथ संपूर्ण रीति रिवाज से हुआ था। बताया कि वर्तमान में वह अपने पति के साथ राठ कस्बे के पठानपुरा जलालपुर रोड इलाके में रह रही है। बताया कि विवाह के 1 वर्ष के बाद से ही उसका पति अतिरिक्त दहेज के रूप में एक लाख रुपए की मांग कर उसे मारपीट कर प्रताड़ित करता आ रहा है तथा बेवजह उसका उत्पीड़न कर उसके साथ आए दिन मारपीट भी करता रहता है। तथा किसी से बात भी नहीं करने देता है। बताया कि बीती शाम को उसके पति महिपाल ने अतिरिक्त दहेज में एक लाख रुपये की मांग के चलते उसके साथ गाली गलौज कर उसकी बेरहमी से पिटाई कर उसे घायल कर दिया तथा उसे जान से मारने की धमकी दे डाली। बताया कि पति के द्वारा की गई मारपीट से उसे शरीर में कई गंभीर चोटें आई हैं।

# गुरसरांय में एकता यात्रा के सफल आयोजन पर समीक्षा बैठक सम्पन्न



**गुरसरांय।** रविवार को विधानसभा स्तरीय एकता यात्रा के सफल आयोजन को लेकर विधायक कार्यालय में एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता विधायक प्रतिनिधि ललित पटेल ने की। उन्होंने कहा कि लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में निकाली गई एकता यात्रा में सभी वर्गों के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। अस्ता,मड़ोरी,गरौठा चौराहा,मोदी चौराहा सहित विभिन्न स्थानों पर हुए भव्य स्वागत ने यात्रा की रौनक और भी बढ़ा दी। ललित पटेल ने क्षेत्रीय जनता द्वारा मिले सम्मान के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यात्रा को सफल बनाने में ग्राम पंचायत सुट्टा का विशेष सहयोग सराहनीय रहा। इसके साथ ही सभी ग्राम प्रधानों, ब्लॉक प्रमुख, पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के प्रयास भी महत्वपूर्ण रहे। बैठक में उपस्थित प्रमुख जनप्रतिनिधियों में आशीष खरे (मंडल अध्यक्ष गुरसरांय),केशवेंद्र सिंह चौहान, प्रतीक जैन, कमलेश द्विवेदी, कुलदीप प्रधान, सिंगर बब्बू नेकेरा, संकेत पटेल,धावरी नेहित प्रधान,गौरव पटेल आदि शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन जितेंद्र कुशवाहा ने किया।

# मिशन शक्ति के तहत किया गया रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन



**चित्रकूट।** जिला मुख्यालय के बेड़ीपुलिया स्थित गोस्वामी तुलसीदास राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सोतवार को मिशन शक्ति के पांचवे चरण के तहत रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय के विभिन्न संकायों के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग करते हुए अपनी सृजनात्मकता, रंग-संयोजन और कलात्मक दक्षता का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य राजेश पाल ने कहा कि रंगोली जैसे पारम्परिक कला रूप न केवल भारतीय सांस्कृतिक विरासत को जीवंत रखते हैं, बल्कि युवा पीढ़ी में सृजनशीलता और टीम भावना भी विकसित करते हैं। प्रतियोगिता में प्रकृति, भारतीय संस्कृति, नारी शक्ति, विकसित भारत तथा सामाजिक सरोकारों जैसे विविध विषयों पर रंगोलियाँ बनाए जाने पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक अरुण कुमार ने विद्यार्थियों की कल्पनाशीलता और सूक्ष्म कलात्मकता की सराहना की। प्रतियोगिता में रज्जू व प्रशांत समूह ने प्रथम, सलोनी, सालिनी, तैयबा, अनुराधा, स्वाति देवी समूह ने द्वितीय तथा राखी, मनीषा, संगीता, रिया, काजल व गुड़िया समूह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर डॉ सीमा कुमारी, डॉ नीरज गुप्ता, डॉ गौरव पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

### यातायात नियमों के प्रति विद्यार्थियों को किया गया जागरूक

**चित्रकूट।** सरदार वल्लभभाई पटेल इण्टर कॉलिज रैपुरा में सोमवार को यातायात जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों एवं विद्यालय स्टाफको यातायात नियमों की विस्तृत जानकारी दी गई तथा सड़क हादसों की रोकथाम के लिए आवश्यक सावधानियों से अवगत कराया गया। जागरूकता कार्यक्रम में प्रभारी निरीक्षक रैपुरा आशुतोष तिवारी ने विद्यार्थियों व विद्यालय स्टाफको वाहन चलाते समय हेलमेट एवं सीट बेल्ट का अनिवार्य उपयोग करने, नाबालिगों द्वारा वाहन न चलाने, नशे की हालत में ड्राइविंग से बचने तथा निर्धारित गति सीमा का पालन करने सहित अन्य याताया नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया।

# आठ परीक्षा केन्द्रों पर 730 छात्र-छात्राओं ने दी भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा

**गुरसरांय।** अखिल गायत्री विश्व परिवार शांति कुंज हरिद्वार के तत्वावधान में आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन केंद्र व्यवस्थापक प्रधानाचार्य धनप्रकाश तिवारी की देखरेख में किया गया,जिसमें विभिन्न केंद्रों पर 730 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। परीक्षा संयोजक अलख प्रकाश शर्मा एडवोकेट ने बताया कि आठ परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा आयोजित की गई। जिनमे खैर इण्टर कॉलेज बालक एवं बालिका विभाग गुरसरांय, कल्याण बाल विद्या मंदिर इण्टर कॉलेज,गुरुदेव पब्लिक स्कूल,राजकीय कन्या इंटर कॉलेज,आलोक इंटर कॉलेज गुरसरांय पर 730 परीक्षार्थियों ने उपस्थिति दी। परीक्षा में गायत्री परिवार के तहसील संयोजक सतीश चौरसिया, बालिका विभाग के प्रभारी



कैलाश प्रकाश गुप्ता, परीक्षा विभाग प्रभारी राजेश चंद्र, सुनील व्यास, प्रधानाचार्य मंजू लता, सत्यप्रकाश द्विवेदी, चंद्रभान साहू, राकेश पस्तोर, रमेश सोनी आदि उपस्थित रहे। बताते चलें अखिल भारतीय गायत्री परिवार के एडवोकेट सतीश चंद चौरसिया का छात्र-छात्राओं में ज्ञान और संस्कार,प्राचीन परंपरा से लेकर बच्चों में अच्छे संस्कार स्थापित हो इसको लेकर यह परीक्षा आगे चलकर बच्चों के भविष्य को उज्जवल बनाने के लिए वरदान साबित होगी।

संपादकीय

# बिहार विधानसभा के चुनाव नतीजे सरकार पर भारी ?

बिहार विधानसभा चुनाव के परिणाम आ गए हैं। पहली बार स्वतंत्र भारत के इतिहास में इस तरीके के चुनाव परिणाम देखने को मिले हैं। वह भी उस समय जब चुनाव आयोग की कार्य प्रणाली को लेकर देशभर में अविश्वास देखा जा रहा है। चुनाव आयोग के खिलाफ कई पत्रकार-वार्ताओं के माध्यम से चुनाव आयोग की गड़बड़ियों एवं एक राजनीतिक दल को फायदा पहुंचाने के तथ्य, सबूत के साथ उजागर किए जा चुके हैं। चुनाव आयोग द्वारा एक राजनीतिक दल के पक्ष में काम करने के आरोप लग रहे हैं। बिहार में वोट चोरी को लेकर एक यात्रा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और तेजस्वी यादव द्वारा एकजुट होकर निकाली गई थी। इसको बिहार में काफी जन-समर्थन मिला था। एसआईआर को लेकर सुप्रीम कोर्ट में पिछले कई महीने से बिहार का यह मामला चल रहा है। अभी तक इसके कोई सार्थक परिणाम अथवा आदेश सुप्रीम कोर्ट से नहीं आया है। इसी बीच बिहार में चुनाव प्रक्रिया शुरू हो गई थी। अब चुनाव परिणाम भी आ गए हैं। बिहार विधानसभा के चुनाव में मतदान के पूर्व की जमीनी हकीकत कुछ और थी, जो चुनाव परिणाम आए हैं उनकी हकीकत कुछ और है। एनडीए गठबंधन ने 243 सीटों में से 202 सीटें जीतकर चुनावी इतिहास में एक नया रिकॉर्ड बनाया है। यह जीत सरकार के लिए क्या कष्ट का कारण बनेगी, यह आशंका बनने लगी है। इस जीत के कारण बहुत सारे राजनीतिक ध्रुवीकरण बिहार में चुनाव परिणाम के बाद देखने को मिल रहे हैं। बिहार का मुख्यमंत्री कौन बनेगा, इसको लेकर अभी से तरह-तरह की राजनीति उठा-पटक शुरू हो गई है। नेताओं के बीच में महत्वाकांक्षा जिस तरह से सामने आ रही है, चुनाव परिणाम के बाद भारतीय जनता पार्टी, राष्ट्रीय जनता दल, लोक जनशक्ति पार्टी में सत्ता संघर्ष का एक नया दौर शुरू हो गया है। एनडीए गठबंधन में सत्ता तक पहुंचने के लिए जिस तरह से एक-दूसरे के खिलाफ रस्साकशी शुरू हो गई है, उससे बिहार के अंदर एक नई प्रतिक्रिया बिहार के नेताओं के बीच में देखने को मिल रही है। जिस तरह से चुनाव के दौरान गुजरात और बिहार के बीच में एक टकराव देखने मिला था। चुनाव परिणाम आने के बाद बिहार के नेताओं में इसे एक आशंका के रूप में देखा जा रहा है। इसमें एनडीए के सहयोगी दलों के बीच सबसे ज्यादा आशंका व्यक्त की जा रही है, जो बिहार की राजनीति को किस मोड़ पर ले जाएगी यह कहना अभी मुश्किल है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कुछ वर्ष पूर्व कहा था, भाजपा को अब क्षेत्रीय दलों की जरूरत नहीं है।

उसके बाद से जिस तरह से उड़ीसा में भाजपा ने अपने ही सहयोगी नवीन पटनायक को ठिकाने लगा दिया। बिहार में नीतीश कुमार के लिए ऐसी स्थितियां पैदा कर दी हैं। एक तरह से नीतीश बाबू पूरी तरह से भाजपा के जाल में फंसकर बुरी तरह फड़फड़ा रहे हैं। उनकी पार्टी भाजपा की बंधुआ बन गई है। यदि नीतीश बाबू भाजपा की बात नहीं मानते हैं तो जिस तरह से पंजाब में शिरोमणि अकाली दल खत्म हुआ है, जिस तरह से महाराष्ट्र में एकनाथ शिंदे और अजीत पवार का राजनीतिक भविष्य लगभग लगभग खत्म हो गया है। भाजपा अपने सहयोगी दलों को किस तरह से खत्म करती है, इसे हरियाणा में भी देखा जा चुका है। ऐसी स्थिति में एनडीए के सहयोगी दलों के बिहार मूल के नेताओं में एक नई आशंका अभी से देखने को मिल रही है। एक बार बिहार मे भाजपा की सरकार बन गई। जिस तरह का केंद्रीय नेतृत्व भाजपा के अन्दर वर्तमान में है। मोदी-शाह की जोड़ी उन्हें कहां ले जाकर खत्म करेगी, इसको लेकर एनडीए गठबंधन के सहयोगी दलों में ही सबसे ज्यादा बेचैनी देखने को मिल रही है। पूर्व केंद्रीय मंत्री आरके सिंह ने अदानी के भ्रष्टाचार का मामला उठाया, उन्हें पार्टी से निष्कासित कर दिया गया। चुनाव आयोग के खिलाफ जिस तरीके का माहौल देश भर में बन रहा है, उसमें यह कहा जा रहा है कि सारे विपक्ष के नवनिर्वाचित विधायक विरोध दर्ज कराने के लिए अपने पदों से इस्तीफा दे सकते हैं। ऐसी स्थिति में बिहार के नेताओं में जो कसमकस देखने को मिल रही है उसको देखते हुए यह कहा जा सकता है, कि भारी बहुमत की सरकार बनने के बाद भी इस सरकार का भविष्य क्या होगा कुछ कहा नहीं जा सकता है। प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस के राहुल गांधी तथा तेजस्वी यादव ने जिस तरह से वोट चोरी का मामला उठाया है, उसके सारे प्रमाण इस बार इकट्ठे करने की कोशिश शुरुआत से ही हो गई थी। यह कहा जा रहा है कि 15 दिन के अंदर चुनाव आयोग द्वारा चुनाव परिणाम में जिस तरह की बेईमानी की गई है उसको उजागर किया जाएगा। कांग्रेस इसे जन-आंदोलन बनाने की तैयारी कर रही है। भारत की न्यायपालिका पर विपक्षी दलों को अब कोई भरोसा नहीं रहा। न्यायपालिका के ऊपर भी यह आरोप लगने लगा है कि वह सरकार के दबाव में काम करती है। संविधान और लोकतंत्र को बचाने के लिए हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट सामने नहीं आ रहे हैं, उल्टे तारीख पर तारीख देकर या आधे-अधूरे फैसले देकर सरकार का कवच बनकर, न्याय पालिका नए स्वरूप में है। सरकार भी हर मामले में यह कहती है, यदि किसी को कोई तकलीफ है तो वह कोर्ट चला जाए। राजनीतिक दलों की कोई व्यक्तिगत लड़ाई ना तो चुनाव आयोग से है ना ही सरकार से होती है, लेकिन लोकतंत्र संवैधानिक व्यवस्था को बनाए रखने के लिए जो लोकतांत्रिक संस्थाएं हैं यदि वह अपनी जिम्मेदारी पूरी नहीं कर रही हैं तो ऐसी स्थिति में अब जनमत जनता की अदालत मे ले जाने की बात विपक्ष कर रहा है। इतनी भारी जीत के बाद भी बिहार में जनमानस के बीच में इस विक्ट्री को लेकर कोई उत्साह देखने को नहीं मिल रहा है, जिसके कारण यह माना जा रहा है कि आने वाला समय राज्य सरकार और केंद्र सरकार के लिए चुनौतीपूर्ण होगा। इस चुनौती से विपक्ष से कम सत्तारूढ़ दल को अपने ही सहयोगी दलों के साथ इस चुनौतीपूर्ण लड़ाई को लड़ना पड़ेगा। वह भी तब जब उसके ही सहयोगी दल अपने वर्चस्व को कायम रखने की लड़ाई लड़ रहे हों। ऐसी स्थिति में बिहार का यह चुनाव-परिणाम देश को एक नई दिशा और दशा देने की प्रक्रिया में आगे बढ़ेंगे। इसमें कोई संदेह नहीं है। भारी बहुमत एनडीए के सहयोगी दलों के लिए मुसीबत का कारण बन सकता - सनत जैन

राज काज

## भाजपा ने बिहार में नीतीश कुमार को नाथ दिया

बिहार के जो चुनाव परिणाम सामने आ रहे हैं। उसमें स्पष्ट हो गया है, नीतीश कुमार अब चाह कर भी पलट नहीं पाएंगे। भाजपा ने उन्हें पूरी तरह से नाथ दिया है। जिस तरह से अन्य पार्टियों को बिहार चुनाव में बहुमत मिला है उसमें नीतीश कुमार अन्य किसी के साथ गठबंधन करके स्पष्ट बहुमत की सरकार नहीं बना सकते हैं। नीतीश कुमार अब पलट नहीं पाएंगे। बिहार चुनाव में भाजपा ने एक तीर से दो शिकार किए हैं। केंद्र और बिहार की सत्ता में अपने आपको मजबूत बना लिया है। यह चमत्कार केवल भाजपा ही कर सकती है। यह राजनेता कहने लगे हैं।

## बिहार चुनाव परिणाम का अजीर्ण

चुनाव आयोग की मेहरबानी से बिहार विधानसभा चुनाव के जो परिणाम आए है। उसमें एनडीए गठबंधन की हाल फिलहाल बल्ले बल्ले कर दी है। अब इस बल्ले बल्ले के बाद बिहार के एनडीए गठबंधन में मुख्यमंत्री बनने और नितीश बाबू की हालत को देखते हुए बिहार के नेताओं में विशेष रूप से चिराग पासवान और अन्य बिहार के नेता अपने भविष्य को लेकर चिंतित हो गए हैं।

# भारत में छात्रों की वास्तविक स्थिति


कांतिलाल मांडोत

आज विश्वभर में अंतराष्ट्रीय छात्र दिवस के रूप में हम मनाते है।हर राज्य, शहर और गांवो में नजर डाले तो छात्रो की परिस्थितिया अलग अलग परिभाषित होती दिखाई देती है।अंतरराष्ट्रीय छात्र दिवस विश्वभर के विद्यार्थियों की संघर्षपूर्ण यात्रा, उनकी उपलब्धियों और शिक्षा के महत्व को रेखांकित करने का अवसर है। भारत जैसे विशाल और युवा देश में यह दिवस विशेष महत्व रखता है, क्योंकि यहाँ की लगभग 40 प्रतिशत आबादी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से शिक्षा प्रणाली से जुड़ी है। परंतु देश के करोड़ों बच्चों का वास्तविक जीवन, उनकी पढ़ाई-लिखाई की परिस्थितियाँ, आर्थिक,सामाजिक चुनौतियाँ, पढ़ाई का बोझ, होमवर्क, और स्कूलों के कठोर नियम इन सभी को समझे बिना छात्र दिवस की प्रासंगिकता अधूरी रह जाती है। भारत में छात्र सिर्फ डेस्क और किताबों तक सीमित चरित्र नहीं है।वे संघर्ष, सपनों और दायित्वों से जूझती हुई नई पीढ़ी का प्रतिबिंब हैं। आज का विद्यार्थी जहां डिजिटल युग की तेज़ी से बदलती दुनिया में अपनी जगह बनाने की कोशिश कर रहा है, वहीं गरीबी, असमानता, फीस का बोझ, संसाधनों की कमी, मानसिक दबाव और भविष्य को लेकर असुरक्षा जैसे कई कारक उसकी पढ़ाई को प्रभावित कर रहे हैं। संघर्ष और संभावनाओं के बीच- भारत के विद्यार्थी एक विषम परिस्थिति में जीवन गुजारते हैं। एक तरफ दुनिया तेज़ गति से शिक्षण को तकनीकी से जोड़ रही है, वहीं दूसरी ओर देश में अब भी हजारो बच्चे प्राथमिक स्तर पर स्कूल जाने से वंचित हैं। जो बच्चे स्कूल जाते भी हैं, वे संसाधनों की कमी, शिक्षकों की कमी, स्कूलों


अंतरास्ट्रीय छात्र दिवस पर विशेष

की असमान गुणवत्ता और आर्थिक संकट जैसी बाधाओं से टकराते हुए आगे बढ़ते हैं।छात्र यथार्थ से दो प्रकार से जूझते हैं,जिसमे पहला शैक्षणिक दबाव और दूसरा सामाजिक और आर्थिक दबाव है।जो परिस्थितियों पर चोट करता है।इन दोनों के बीच संतुलन बनाना हर बच्चे के लिए आसान नहीं होता, खासकर उन परिवारों के लिए जिनके लिए शिक्षा आज भी एक विलासिता जैसी लगती है। भारत में छात्रों को सबसे बड़ी जो कठिनाई झेलनी पड़ती है, वह है आर्थिक असमानता। करोड़ों परिवार ऐसे हैं जो मुश्किल से अपने बच्चों की स्कूल फीस, किताबें, यूनिफॉर्म और अन्य खर्च उठा पाते हैं।ग़रीबी के कारण शिक्षा पर प्रभाव पड़ता दिखाई देता है।लाखों बच्चे सरकारी स्कूलों पर निर्भर हैं, पर वहाँ भी कई बार आवश्यक संसाधनों की कमी होती है।लेकिन फिर भी सरकार हर खर्च अपने स्तर पर कार्य को अंजाम दे रही है।मध्यवर्गीय परिवारों में बच्चों की कोचिंग, ट्यूशन और स्कूल फीस एक बड़ा आर्थिक बोझ बन चुकी है।ग्रामीण क्षेत्रों में स्कूलों की दूरी, परिवहन की कमी और कामकाज में बच्चों की मदद की मजबूरी पढ़ाई में बाधा डालती है।आज भी भारत के बहुत से बच्चे स्कूल के बाद किसी दुकान, ढाबे, खेत या छोटे-मोटे काम में माता-पिता का हाथ बंटाते हैं। यह आर्थिक बाध्यता बच्चों के अध्ययन समय को कम कर देती है और उनकी सीखने की क्षमता पर नकारात्मक असर डालती है। स्कूल शिक्षा में असमानता को दूर करना होगा।सरकार को देश मे समान शिक्षा लागू करने के लिए त्वरित निर्णय लेना होगा। निजी बनाम सरकारी संस्थान भारत का स्कूली ढांचा दो हिस्सों में विभाजित है। जिसमे निजी स्कूल में बेहतर सुविधाएँ है लेकिन अत्यधिक फीस के कारण बच्चे पढ़ नहीं सकते है। सरकारी स्कूल में सस्ती या मुफ्त शिक्षा उपलब्ध है लेकिन कई जगह संसाधनों में कमी के कारण छात्र फायदा नही उठा पाते है।निजी स्कूल की चुनौतियाँ अत्यधिक है।अत्यधिक फीस हर महीने नई नई गतिविधियों का आर्थिक बोझ पड़ता है और यूनिफॉर्म, किताबें, परिवहन के भारी शुल्क से छात्र केमाता-पिता पर सामाजिक दबाव कि बच्चा अच्छे स्कूल में पढ़ रहा हो। सरकारी स्कूलों की चुनौतियाँ भी अपार है।शिक्षकों की कमी, इन्फ्रास्ट्रक्चर की कमी, खेल-सुविधाओं और लाइब्रेरी की कमी और कई जगह शिक्षा की गुणवत्ता बहुत कमजोर होती दिखाई देती है। यह असमान व्यवस्था बच्चों के बीच असमानता को जन्म देती है। होमवर्क का बढ़ता बोझ और तनाव मुश्किलें पैदा करता है। भारत में विद्यार्थियों पर होमवर्क का बोझ असाधारण रूप से अधिक है। कक्षा 1 से 8 तक के बच्चों को इतना अधिक होमवर्क दे दिया जाता है कि उनके खेलने और मानसिक विकास का समय छिन जाता है।

# प्राकृतिक संसाधनों की लूट को रोकना ही बिरसा मुंडा को सच्ची श्रद्धांजलि

राज कुमार सिन्हा

धरती आबा बिरसा मुंडा के समय अंग्रेजों ने आदिवासी कृषि व्यवस्था को सामंती राज्य में बदलने की प्रक्रिया को तेज़ कर दिया था। चूंकि आदिवासी अपनी आदिम तकनीक से अधिशेष पैदा नहीं कर सकते थे, इसलिए छोटानागपुर के प्रमुखों ने गैर-आदिवासी किसानों को भूमि पर बसने और खेती करने के लिए आमंत्रित किया। इससे आदिवासियों के पास मौजूद ज़मीनें उनसे अलग हो गईं। ठेकेदारों का नया वर्ग ज़्यादा लालची किस्म का था और अपनी संपत्ति को बढ़ाने के लिए कृषि में विघटन पैदा करना शुरू कर दिया। इस कृषि विघटन और संस्कृति परिवर्तन की दोहरी चुनौतियों का सामना बिरसा मुंडा के नेतृत्व में विद्रोह और बगावत की एक श्रृंखला के माध्यम से किया गया। 25 वर्ष की छोटी सी आयु में, आज के झारखंड के उलिहातू गांव का वह बालक औपनिवेशिक शोषण के विरुद्ध जन-प्रतिरोध का महानायक बन गया। जब ब्रिटिश अधिकारी और स्थानीय जमींदार जनजातीय समुदायों का शोषण कर रहे थे, उनकी ज़मीनें हड़प रहे थे और अत्याचार कर रहे थे तब भगवान बिरसा इस सामाजिक और आर्थिक अन्याय के विरुद्ध उठ खड़े हुए और लोगों को अपने अधिकारों की लड़ाई के लिए प्रेरित किया।धरती आबा बिरसा मुंडा के आंदोलन और उनके मृत्यु बाद अंग्रेज अधिकारियों को आदिवासियों के भूमि अधिकारों की रक्षा के लिए कानून बनाने के लिए मजबूर होना पड़ा था।उलगुलान, निस्संदेह, एक विद्रोह से कहीं बढ़कर था। यह लड़ाई न्याय और सांस्कृतिक पहचान दोनों के लिए थी। भगवान बिरसा मुंडा की सूझबूझ ने एक ओर जनजातीय लोगों द्वारा बिना किसी हस्तक्षेप के अपनी ज़मीन पर स्वामित्व और खेती करने के अधिकार को, तो दूसरी तरफ जनजातीय रीति-रिवाज़ों और सामाजिक मूल्यों के महत्व को एक साथ जोड़ दिया।

वर्तमान दौर का समय कहीं ज्यादा प्रतिकूल है।भारत में अधिकांश विकास परियोजना संविधान की पांचवीं अनुसूची वाले आदिवासी क्षेत्रों में स्थापित की जा रही है।क्योंकि संसाधनों के मामले में आदिवासी क्षेत्र समृद्ध रहा है और अब भी है।इस इलाके में देश का 71त्रजंगल, 92त्रकोयला, 92त्र बाक्साइट, 78त्र लोहा, 100 त्र युरेनियम, 85त्र तांबा, 65 प्रतिशत डोलोमाइट इत्यादि की भरमार है। भारत के जल स्रोत का 70त्र जल आदिवासी इलाके में है तथा करीब 80त्रउधोग के लिए कच्चा माल इन्ही क्षेत्रों से मिलता है। यह प्रकृति की ओर से मिला वरदान है। लेकिन यही वरदान इनके लिए चुनौती भी है, क्योंकि इन्ही संसाधनों की लूट और कब्जे को लेकर देश और दुनिया के कार्पोरेट की गिद्ध दृष्टि लगी है।इन संसाधनों पर काबिज होने की प्रक्रिया काफी तेज हो गया है। द्रुत गति से बढ़ रही कथित विकास परियोजनाओं से होने वाले विस्थापन का सामाधान निकालने के लिए अबतक कोई ठोस प्रयास नहीं किया गया है। तेजी से बढ़ते विस्थापन की सबसे अधिक मार देश के आदिवासी पर पङ रही है।

सुविचार

अगर कोई व्यक्ति ज्ञानी है, लेकिन वह गलत काम करता है तो उससे दूर रहना चाहिए. -अज्ञात

प्रसंग

## कल की चिंता

एक शहर में धर्मदत्त नामक सेठ रहता था। अपार संपत्ति का स्वामी ए होने के बावजूद वह हमेशा उदास रहा करता था। उसे अपनी भावी पीढ़ी की चिंता सताती रहती थी। एक बार भगवान महावीर उस शहर में आए। गंगा के तट पर उनका प्रवचन हो रहा था। धर्मदत्त भी वहां पहुंचा। वह पहली कतार में बैठ कर प्रवचन सुन रहा था, लेकिन उसका मन कहीं और था। प्रवचन के बाद भगवान महावीर ने उसकी उदासी का कारण पूछा तो सेठ ने कहा, प्रभु, मुझे किसी चीज की कमी नहीं है। मेरे पास इतनी दौलत है कि मेरी सात पीढ़ियां आराम से खा-पी सकें। लेकिन मुझे चिंता है कि मेरी आठवीं पीढ़ी का गुजर-बसर कैसे होगा ? भगवान महावीर ने कहा, तुम्हारी चिंता मैं दूर कर देता हूं। तुम्हें इतनी दौलत दे दूंगा कि तुम्हारी आठवीं पीढ़ी सुख से रहेगी। इसके लिए तुम्हें एक काम करना होगा। यहां एक आश्रम के पीछे झोपड़ी में एक मजदूर का परिवार रहता है। तुम उससे कहो कि वह अपनी आवश्यकता का आटा अपने पास रख कर बाकी तुम्हें दे दे। सेठ वहां गया और उसने वैसा ही कहा। मजदूर की पत्नी घर के अंदर से एक हंडिया ले आई और उसे देते हुए बोली, ले जाओ भाई। मेरे पास इतना ही आटा है। सेठ ने कहा, नहीं, नहीं, तुम अपनी जरूरत का आटा रख लो, जो बचे उसे दो। मजदूर की पत्नी बोली, अगर मैंने अपनी जरूरत का आटा रख लिया तो तुम्हें क्या दूंगी। मुझे जिसने आज दिया है वह कल भी देगा। सेठ खाली हाथ लौट आया और उसने भगवान महावीर को

जरा हटके

## चीन का दावा- मंगल पर दिखी एलियन की गुफाएं

**बीजिंग, ईएमएस।** एलियन को लेकर चीन ने बड़ा दावा किया है। यहां के वैज्ञानिकों का कहना है कि उन्होंने मंगल पर एलियन की गुफाएं देखी हैं और आने वाले समय में इंसान भी इन गुफाओं में रहे सकते हैं। बता ये चीन ने ये दावा ऐसे वक्त पर किया है जब पूरी दुनिया स्पेश पर काम कर रही है। चीन के शेन्जेन विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों की एक टीम ने मंगल ग्रह पर एक नए प्रकार की गुफा का पहला प्रमाण खोजा है। शोधकर्ताओं का दावा है कि ये गुफाएं कभी एलियन जीवन को पनपने के लिए जरूरी परिस्थितियां पैदा कर सकती थीं। शोध में दावा किया गया है कि ये भूमिगत गुफाएं चट्टानों में पानी के प्रेशर से बनी हो सकती हैं। पृथ्वी पर ऐसी चट्टान संरचना को कार्स्टिक गुफा के रूप में जाना जाता है। शोधकर्ताओं की टीम ने इन गुफाओं में इंसानी रिसर्च तक की प्लानिंग कर ली है। उनका दावा है कि लाल ग्रह के लिए भविष्य के मिशनों को इन भूमिगत गुफाओं को टारगेट बनाना चाहिए। यहां पर प्राचीन जीवन के सबूत पाए जा सकते हैं, जो कभी इन जलमग्न गुफाओं में निवास करते थे। यही नहीं दावा ये भी किया जा रहा है कि इन गुफाओं को आश्रय और रिसर्च सेंटर के तौर पर भी उपयोग किया जा सकता है। टीम ने अपनी रिसर्च को 'द एस्ट्रोफिजिकल जर्नल लेटर्स' में पब्लिश किया है। जिसमें बताया गया है कि अभी तक खोजी गई मंगल ग्रह की अधिकांश गुफाएं लावा ट्यूब्स आकार की हैं, जो ग्रह पर ज्वालामुखी फटने का सबूत हैं। हालांकि, नई गुफाओं की खोज में शोधकर्ताओं ने ऐसे प्रमाण दिए हैं जो साबित करते हैं कि ये गुफाएं पानी के प्रेशर से तराशी गई हैं। वैज्ञानिकों का मानना है कि उन्होंने जिन आठ कार्स्टिक गुफाओं की पहचान की है, उन्हें मंगल पर भविष्य के मानव या रोबोटिक मिशनों के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है क्योंकि ये प्राकृतिक

फोटो ऑफ द डे


उत्तरी मैसीडोनिया में पल्स नाइटक्लब में लगी आग में मारे गये लोगों लोगों के परिजन विरोध में एंजिल्स मार्च निकालते हुए, उसी दौरान के महिला रोने लगी।

व्यंग्य

# किस्सा कहावतों का

दिनेश थपलियाल

होता दर असल ये था कि जब भी हम कहावतों के बारे में सोचते तो वही दो चार घिसी पिटी कहावतें जेहन में उभरा करतीं - जैसे कि धोबी का कुत्ता घर का न घाट का, दिल्ली दूर है, आँख के अंधे, नाम नयनसुख, नौ दो ग्यारह होना या फिर न नौ मन तेल होगा न राधा नाचेगी वगैरा वगैरा। इन मुहावरों का तड़का जब भी हम किसी रचना में लगाते तो नतीजा होता ढाक के वही तीन पात। जिस ज़ायके की हम उम्मीद किया करते, वह न आ पाता। लगता था कि जैसे कहावतें लुट-पिट चुकी हैं, उनमें जो धार, जो तासीर हुआ करती थी, वह रफूचक्कर हो चुकी है। हमें यह भी लगता कि जैसे वह घड़ी आ पहुँची है- जब जीर्ण-शीर्ण कहावतें त्याग कर नई कहावतें धारण की जाती हैं। मगर नई कहावतें आएँ कहाँ से? वे कोई खालाजान के घर में तो रखी न थीं कि गए और निकाल लाए। दिमाग के मरियल गधे-घोड़े चारों तरफ़ दौड़ाए। आखिर ध्यान आया अपने बचपन के दोस्त वेदपाठी का। हमें तो फ्रेश कहावतों की ज़रूरत थी ही। सोचा -वेदपाठी जी के कहावत भंडार से कुछ नायाब मोती चुग लिए जाएँ। इसी बहाने ज़रा देख भी लें कि कौन-कौन से गुल खिलाएँ हैं उन्होने कहावतों के खेत में। वेदपाठी जी के भवन पर उनसे मिलते ही हमने पूछ लिया, महाराज, रचनाओं में थोक के भाव कहावतें डालता हूँ, पर स्वाद नहीं आता। लगता है मसालों की तरह कहावतों का स्वाद भी जाता रहा। सुना है, आप आजकल नई कहावतें रच रहे हैं। वेदपाठी जी के चेहरे पर कुटिल मुस्कराहट दौड़ गई। बोले, ठीक सुना आपने। वैसे मैं कहावतों की रचना स्वांत-सुखाय कर रहा था, मगर आप गुन के गाहक हैं। खाली कैसे जाने दूँ? कुछ न कुछ देकर ही विदा करूँगा। एक बिल्कुल मौलिक, अप्रकाशित व अप्रसारित कहावत है- अकल के कुत्ते फेल होना। ये आपकी रचनाओं से मेल भी खाती है। आपकी रचनाओं में यों फिट होगी जैसे खुद आपने ही बनाई हो। फिर वे मुस्करा कर बोले, इस कहावत का ताल्लुक सीधा दिमाग़ से है। जब दिमाग़ का दही होने लगे, तो समझ जाइये कि अकल के कुत्ते फेल हो गए। चलिये, एक मिनट को आपकी बात मान भी लें, मगर जनाब इस कहावत में नया क्या है। अकल पहले भी हुआ करती थी, अकल आज भी है। कुत्ते पहले भी थे, कुत्ते आज भी हैं। क्या यही लुटा-पिटा, थका-थकाया माल धरा था हमारे लिये? वेदपाठी जी बोले, ऐसा नहीं है। चलो दूसरी कहावत देता हूँ। क्या याद रखोगे दोस्त। कहावत है- उपभोक्ता का मोबाइल व्यस्त होना। मुस्करा कर हमने कहा, ये हुई न बात! मोबाइल तो वाकई पहले नहीं थे। पर जनाब, मतलब इसका भी शून्य बटा सन्नाटा है। वेदपाठी जी बोले, मतलब साफ़ है। स्वार्थ न होने पर उपेक्षा करना। आप लाख चाहते रहें बतियाना, मगर जनाब, हमारी इछा न होगी तो हर बार व्यस्त रहेगा हमारा मोबाइल। वेदपाठी जी बोले, एक और कहावत है- रूट की सभी लाइनें अस्त होना। मतलब कि कहीं से भी उधारी मिलने की उम्मीद न

चिंतन-मनन

## समता की अनुभूति

मनोबल के विकास का दूसरा सूत्र बताया गया है- स्व दर्शन समता का दर्शन या परमात्मा का दर्शन। प्रांस की यूनिवर्सिटी का एक प्रोफेसर अहंकार में आकर बोला, मैं दुनिया का सर्वश्रेष्ठ आदमी हूं। किसी ने पूछ लिया-यह कैसे? उसने कहा, प्रांस दुनिया का सर्वश्रेष्ठ देश है। पेरिस प्रांस का सर्वश्रेष्ठ नगर और हमारा विश्वविद्यालय हमारे नगर का सर्वश्रेष्ठ क्षेत्र। दर्शन का विभाग उसमें सर्वश्रेष्ठ। मैं उसका अध्यक्ष। इसलिए मैं सर्वश्रेष्ठ आदमी। यह कैसा गणित है! हमारी दृष्टि जब दूसरों की ओर जाती है तो यही निष्कर्ष निकलता है कि हम दूसरों को काटते जाते हैं, तोड़ते जाते हैं और दूसरों के संदर्भ में हम अपने को सर्वश्रेष्ठ प्रतिष्ठापित करते जाते हैं। इसके अतिरिक्त कोई निष्कर्ष निकलता ही नहीं है। जब स्व-दर्शन में आदमी आता है तो उसे अनुभव होता है कि न प्रांस सर्वश्रेष्ठ, न पेरिस सर्वश्रेष्ठ, न विश्वविद्यालय सर्वश्रेष्ठ, न दर्शन का विभाग सर्वश्रेष्ठ और न विभागाध्यक्ष। सब समान है। सब व्यक्ति समान, सब देश समान, सब राष्ट्र समान और सब आत्माएं समान। जो समता के क्षण में जाता है, उसे यह नहीं लगता कि यह अलग, वह अलग। उसे लगता है कि सब मेरे-जैसे हैं। यह समान ही समान का गणित ?सा चलता है कि अनन्त में से अनंत निकालो तो भी पीछे अनन्त ही रहेगा। अनन्त में अनन्त मिलाओ तो भी अनन्त ही रहेगा। समता में मिलाते जाओ, निष्कर्ष समता। यह समता की अनुभूति जब जागती है..।

स्वास्थ्य

## संतुलित जीवनशैली में छिपा है मोटापा कम करने का राज

**वाशिंगटन, ईएमएस।** वजन घटाने का रहस्य किसी सख्त डाइट में नहीं, बल्कि नियमित और संतुलित जीवनशैली में छिपा है। आयुर्वेद के अनुसार, जब शरीर की अग्नि यानी पाचन शक्ति मंद हो जाती है, तो मेद (फैट) बढ़ने लगता है। इसलिए मोटापा घटाने के लिए खानपान और दिनचर्या को संतुलित बनाना सबसे जरूरी है। सबसे आम गलती है सुबह का नाश्ता छोड़ देना। बहुत से लोग सोचते हैं कि नाश्ता न करने से कैलोरी घटेगी, लेकिन इसका उल्टा असर होता है। दिनभर भूख अधिक लगती है और व्यक्ति ज्यादा खा लेता है। इसलिए नाश्ते में पौष्टिक भोजन जैसे दलिया, ओट्स, फल या मूंग चीला लेना चाहिए। दूसरी गलती है देर रात का खाना, जो पाचन क्रिया को धीमा कर देता है और फैट जमा होने लगता है। कोशिश करें कि सोने से कम से कम दो घंटे पहले हल्का भोजन कर लें। तीसरी गलती है जंक फूड और मीठे का अत्यधिक सेवन। ये चीजें शुगर और तेल से भरपूर होती हैं, जो शरीर में इंसुलिन का स्तर बढ़ाकर चर्बी जमा करती हैं। इसकी जगह घर का बना भोजन, ताजे फल, गुड़ या सलाद जैसे प्राकृतिक विकल्प अपनाना बेहतर है। कोल्ड ड्रिंक्स और मीठे जूस भी वजन बढ़ाने में अहम भूमिका निभाते हैं, इसलिए इनकी जगह नींबू पानी, छाछ या नारियल पानी पीना फायदेमंद होता है। कम पानी पीना भी वजन बढ़ने का बड़ा कारण है।

# खदान पर गिरा पुल, तांबा निकाल रहे 32 मजदूरों की मौत, मच गया हड़कंप

**किशासा।** कांगो के लुअलाबा प्रांत के कालांडो खदान पर एक पुल ढह जाने के बाद अफरा-तफरी मच गई। इस हादसे में कुल 32 लोगों की मौत हो गई। यह घटना इस साल कांगो में हुए सबसे भीषण खनन हादसों में से एक है। सरकारी आर्टिसनल माइनिंग एजेंसी के मुताबिक हादसा उस समय हुआ, जब खदान वाले इलाके में अचानक फायरिंग की आवाज सुनाई दी। बता दें कि हादसे से पहले मजदूरों और सैनिकों के बीच झड़प की भी खबरें हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए मानवाधिकार संगठन इनीशिएटिव फॉर द प्रोटेक्शन ऑफ ह्यूमन राइट्स ने सैन्य भूमिका की स्वतंत्र जांच की मांग की है। कांगो में आर्टिसनल खनन से 15 से 20 लाख लोगों की रोज़ी-रोटी चलती है, लेकिन सुरक्षा के इंतजाम बेहद कमजोर हैं। अक्सर बिना सुरक्षा उपकरणों के अस्थिर इलाकों में काम करने के कारण ऐसे हादसे आम हो गए हैं। कभी सुरंग ढह जाती है, कभी जमीन धंस जाती है और कभी भीड़भाड़ से भरे पुल और रास्ते टूट जाते हैं।

बताया जा रहा है कि सुरक्षा में तैनात सैन्यकर्मियों की ओर से गोलियां चलने की सूचना पर खदान मजदूरों में घबराहट फैल गई और वे तेजी से एक संकरे पुल की ओर भागने लगे। भागते लोगों का भारी दबाव पड़ने की वजह से पुल अचानक टूट गया और मजदूर नीचे गिर पड़े। एजेंसी ने बताया कि मजदूर एक-दूसरे के ऊपर गिरने लगे, जिससे कई लोगों की मौत और गंभीर चोटें आईं। कुछ अधिकारियों ने शुरुआती अनुमान में 49 मौतों का दावा किया था और 20 से ज्यादा घायल बताए थे, लेकिन स्थानीय प्रशासन ने आधिकारिक तौर पर 32 मौतों की पुष्टि की है। इससे पहले इसी साल पूर्वी कांगो में एक कोल्टन खदान में छत के ढहने से कम से कम 20 से अधिक लोगों की मौत हुई थी। यह हादसा अस्थिर स्थिति, स्थानीय सुरक्षा की कमजोरी और असुरक्षित खनन परिस्थितियों की वजह से हुआ।2022 में कासाई प्रांत में हीरे की खदान में सुरंग ढहने से 40 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई। यह भी एक गैर-नियमित खनन गतिविधि का हिस्सा था, जहां सुरक्षा मानकों की कमी थी। 2019 में लुअलाबा प्रांत की खदान में, ग्लेनकोर संचालित खदान के पास लगभग 43 खनिक मारे गए थे जब खदान की एक दीवार गिर गई थी। यह घटना भी असर्टिसनल और कॉर्पोरेट खान चलाने वालों के बीच छिपे विवाद को उजागर करती है।




ऑस्ट्रेलिया में ब्लैक माउंटेन स्कूल में एसबेस्टस हटाने वाले पहुंचे। यहां 70 से अधिक स्कूल एसबेस्टस संक्रमण के कारण बंद करने पड़े हैं।

# शेख हसीना को कोर्ट ने सुनाई फांसी की सजा

### बांग्लादेश कोर्ट ने तख्तापलट के वक्त हुई लोगों की हत्या का दोषी माना

### पिछले 15 माह से भारत में रह रहीं पूर्व प्रधानमंत्री



**ढाका।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को अदालत ने सोमवार को दो आरोपों में दोषी करार देते हुए मौत की सजा सुनाई है। ढाका की इंटरनेशनल क्राइम्स ट्रिब्यूनल ने शेख हसीना को हत्या के लिए उकसाने और हत्या का आदेश देने के मामले में दोषी माना है।

जानकारी अनुसार जस्टिस गुलाम मुर्तजा की अगुवाई वाली तीन जजों की ट्रिब्यूनल ने सोमवार को फैसला सुनाया है। जस्टिस मुर्तजा की अगुवाई वाली इस ट्रिब्यूनल में जस्टिस मोहम्मद शफीउल आलम महमूद और जस्टिस मोहम्मद मोहितुल हक एनाम चौधरी भी शामिल रहे। कोर्ट ने शेख हसीना को 2024 के छात्र आंदोलन के दौरान हुई हत्याओं का मास्टरमाइंड के आरोपों को सच माना है। इस मामले में कोर्ट ने दूसरे आरोपी पूर्व गृह मंत्री असदुज्जमां खान को भी 12 लोगों की हत्या का दोषी करार दिया और उन्हें भी फांसी की सजा सुनाई है। वहीं, तीसरे आरोपी पूर्व आईजीपी अब्दुल्ला अल-ममून को 5 साल की जेल की सजा सुनाई गई है। ऐसा इसलिए है, क्योंकि ममून सरकारी गवाह बन चुके हैं।

#### हसीना और कमाल की प्रॉपर्टी होगी जब्त

कोर्ट में सजा सुनाए जाने पर वहां मौजूद अनेक लोगों ने ताली बजाकर फैसले का स्वागत किया। फांसी की सजा सुनाए जाने के साथ ही कोर्ट ने शेख हसीना और असदुज्जमां कमाल की प्रॉपर्टी जब्त करने के आदेश भी दे दिए हैं। यहां बताते चलें कि फिलहाल दोनों ही नेता बांग्लादेश से बाहर होने के साथ फरार घोषित हैं।

#### जिस कोर्ट की स्थापना की उसी ने सुनाई सजा

पूर्व पीएम शेख हसीना को उसी कोर्ट ने मौत की सजा सुनाई, जिसकी स्थापना उन्होंने ही की थी। गौरतलब है कि बांग्लादेश इंटरनेशनल क्राइम्स ट्रिब्यूनल 1971 के बांग्लादेश मुक्ति संग्राम के दौरान हुए वॉर क्राइम्स और नरसंहार संबंधी मामलों की जांच और सजा के लिए स्थापित की गई थी। इस ट्रिब्यूनल का कानून 1973 में बनाया गया, लेकिन कई दशकों तक प्रक्रिया रुकी रही। इसके बाद साल 2010 में शेख हसीना ने इसकी स्थापना की ताकि अपराधियों पर मुकदमा चलाया जा सके।

## 16 साल से पुलिस आरोपी को मान रही मरा... वहां यौन शोषण आरोपी निकला जिंदा

**न्यूर्याक।** अमेरिका में हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यह पुलिस ने एक इसरतह के यौन अपराधी को गिरफ्तार किया है, पुलिस जिस आरोपी को पिछले 16 साल से मरा हुआ मान रही थी। आरोपी ने अपनी मौत का झूठा नाटक इतनी अच्छे तरीके से रचा कि आरोपी को स्वयं भी इस बात का भरोसा था कि पकड़े जाने से पहले ही वह मर जाएगा। फ्लोरिडा के इस शातिर अपराधी को इसी हफ्ते इंडियाना से गिरफ्तार किया गया। रिपोर्ट्स के मुताबिक 2010 में अपनी मौत की झूठी कहानी रचने के बाद से फरार आरोपी गैरी बेन हार्वर्ड को यूएस मार्शल्स ने गिरफ्तार किया।

रिपोर्ट के मुताबिक गैरी नामक इस बुजुर्ग को 2007 में पिनेलेस काउंडी में चाइल्ड पोर्नोग्राफी रखने सहित 22 मामलों में दोषी ठहराया गया था। इसके बाद गैरी को आजीवन यौन अपराधी घोषित किया गया था। हालांकि, 2010 में सभी लोगों को धोखा देकर गैरी फ्लारिडा से भागकर इंडियाना चला गया। अधिकारियों के मुताबिक गैरी ने साजिश के तहत केंटकी की एक लेक में अपनी किराए की कार को ऐसी हालत में पार्क किया, जिसमें इस बात का पता चले कि गैरी ने आत्महत्या कर ली है।

इस घटनाक्रम का पता पुलिस को तब चला जब गैरी ने 2011 में खुद को यौन अपराधी के रूप में रजिस्टर नहीं कराया। इसके बाद पुलिस ने उसके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया। इसके बाद यह मामला आया गया हो गया। पुलिस को इस बात का यकीन हो गया कि गैरी ने आत्महत्या कर ली है। हालांकि हाल ही में पुलिस को जानकारी मिली की गैरी जिंदा है।

## बेंजामिन नेतन्याहू की अमेरिका को दो टूक, कहा- अलग देश नहीं बन पाएगा फिलिस्तीन

**तेलअवीव।** अमेरिका संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में फिलिस्तीन राष्ट्र को लेकर अपना प्रस्ताव पेश करने जा रहा है। इस पर वोटिंग से पहले ही इजरायली राष्ट्रपति बेंजामिन नेतन्याहू ने कसम खा ली है कि वह किसी भी कीमत पर फिलिस्तीन राष्ट्र का समर्थन नहीं करने वाले हैं। नेतन्याहू लंबे समय से यह कहते रहे हैं कि फलस्तीनी राष्ट्र बनाने से हमास को लाभ होगा और इजराइल की सीमाओं पर अंततः हमास द्वारा संचालित एक और भी बड़ा राष्ट्र बनेगा। हालांकि, गाजा में युद्धविराम के प्रस्ताव को आगे बढ़ाने की अमेरिका की कोशिशों के बीच नेतन्याहू को लचीलापन दिखाने के लिए भारी अंतरराष्ट्रीय दबाव का सामना करना पड़ रहा है। बयान में अमेरिकी प्रस्ताव में गाजा को निरस्त्र करने के हर संदर्भ को खारिज कर दिया गया।

## आज का इतिहास 18 नवंबर

1727 महाराजा जयसिंह द्वितीय ने जयपुर शहर की स्थापना की।

1772 पेशवा माधवराव प्रथम के स्थान पर नारायण राव ने गद्दी संभाली।

1948 पटना के पास नारायणी नदी में स्टीमर डूब जाने से पांच सौ व्यक्ति मारे गए।

1955 सोवियत नेता मार्शल बुल्गानिन और निकिता क्रुश्चेव भारत आए।

1970 चीन ने सोवियत संघ में अपना राजदूत मनोनीत किया।

1972 बाघ को भारत का राष्ट्रीय पशु घोषित किया गया।

1976 इथोपिया में सैनिक सरकरा के खिलाफ साजिश के आरोप में 27 जनों को मौत की सजा दी गयी।

1977 मिस्त्र के राष्ट्रपति अनवर सादात द्वारा इजरायल यात्रा का निमंत्रण स्वीकार करने के बाद एथेन्स और बेरुत में मिस्त्री दूतावासों पर हमले हुए।

1978 गुयाना में एक समुदाय के 900 लोगों ने आत्महत्या की।

1989 अलसल्वाडोर में विद्रोहियों के साथ संघर्ष में आठ सौ से अधिक लोग मारे गए।

1990 इराक के राष्ट्रपति सद्दाम हुसैन ने अधिकृत कुवैत में बंधक बनाए गए विदेशियों को रिहा करने की घोषणा की।

1992 पाकिस्तान की पूर्व प्रधानमंत्री बेनजीर भुट्टो को इस्लामाबाद में गिरफ्तार किया गया ।

1994 थलसेना अध्यक्ष जनरल बी.पी.जोशी का निधन।

1997 दिल्ली में स्कूली बच्चों से खचाखच भरी बस यमुना नदी के पुल की रैलिंग को तोड़ते हुए नदी में गिरी। 28 बच्चों की मौत व कई घायल।

## प्रसंगतः अद्भुत बलिदान

यह उस समय की बात है जब चीन के महान विद्वान ह्वेनसांग भारत आए हुए थे। वह भारत की शिक्षा व संस्कृति से बेहद प्रभावित थे। उन्होंने नालंदा विश्वविद्यालय में भारतीय धर्मग्रंथों का गहन अध्ययन किया। अध्ययन करने के साथ-साथ उन्होंने अनेक धर्मग्रंथों का संग्रह किया ताकि अपने देश वापस लौटने के बाद वह वहां इनके महत्व बता सकें। जब वह अपने देश की ओर रवाना हुए तो उन्होंने अपने साथ अनेक ग्रंथ और कई कलात्मक मूर्तियां रख लीं। मार्ग में नदी पड़ती थी इसलिए वह नौका में अपनी इस बहुमूल्य संपदा के साथ बैठ गए। पांच भारतीय छात्र भी उनके साथ थे। अभी वे कुछ ही दूर पहुंचे थे कि अचानक नदी में जोर का भंवर आया और नौका डगमगाने लगी। यह देखकर नौका चालक ने कहा, 'यदि नौका में से कुछ वजन कम कर दिया जाए तो यह डूबने से बच सकती है।' यह सुनकर ह्वेनसांग चिंता में पड़ गए और बोले, 'अब तो पुस्तकों के गट्ठरों को पानी में फेंकना ही होगा। इनके पानी में बहने के साथ ही मेरा उद्देश्य अधूरा रह जाएगा। वापस पहुंचने पर मैं अपने देश में भारत के महान धर्मशास्त्रों का प्रचार नहीं कर पाऊंगा। इतने कठोर परिश्रम से एकत्रित किए गए धर्मशास्त्र व्यर्थ हो जाएंगे।' विद्वान ह्वेनसांग की बात सुनकर पांचों भारतीय छात्र बोले, 'आप चिंतित न हों। आपका परिश्रम व्यर्थ नहीं होगा और न ही आपका उद्देश्य अधूरा रहेगा। ग्रंथों की जगह हम नदी में कूद जाते हैं।' यह कहकर वे पांचों तुरंत उफनती नदी में कूद गए। उनमें से तीन तो तैरकर सकुशल नदी पार कर गए लेकिन दो छात्र भारतीय धर्मशास्त्रों की अमूल्य धरोहर को बचाने के लिए नदी की भेंट चढ़ गए। ह्वेनसांग ने चीन पहुंच कर इन धर्मशास्त्रों का अनुवाद किया और इनकी रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान करने वाले छात्रों के प्रति जीवन भर कृतज्ञता व्यक्त करते रहे।

## दैनिक पंचांग

**18 नवम्बर 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| **सूर्य** | वृश्चिक में | **वृश्चिक** | 06.08 ब.से |
| **चंद्र** | तुला में | **धनु** | 08.28 बजे से |
| **मंगल** | वृश्चिक में | **मकर** | 10.33 बजे से |
| **बुध** | वृश्चिक में | **कुंभ** | 12.19 बजे से |
| **गुरु** | कर्क में | **मीन** | 13.52 बजे से |
| **शुक्र** | तुला में | **मेष** | 15.23 बजे से |
| **शनि** | मीन में | **वृष** | 17.03 बजे से |
| **राहु** | कुंभ में | **मिथुन** | 19.01 बजे से |
| **केतु** | सिंह में | **कर्क** | 21.14 बजे से |
| **राहुकाल** | | **सिंह** | 23.30 बजे से |
| 3.00 से 4.30 | | **कन्या** | 01.42 बजे से |
| बजे तक | | **तुला** | 03.53 बजे से |

**मंगलवार** 2025 वर्ष का 322 वा दिन
**दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** हेमन्त।
**विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947
**मास** मृगशीर्ष (दक्षिण भारत में कार्तिक) **पक्ष** कृष्ण
**तिथि** त्रयोदशी 07.13 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** स्वाती अहोरात्र।
**योग** आयुष्मान 08.09 बजे को समाप्त।
**करण** वणिज 07.13 बजे तदनन्तर विष्टि 20.28 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 24.5 घण्टे
**रवि क्रान्ति** दक्षिण 19° 14'
**सूर्य** दक्षिणायन
**कलि अहर्गण** 1872532
**जूलियन दिन** 2460997.5
**कलियुग संवत्** 5126
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2552
**हिजरी सन्** 1447
**महीना** जमादि उल्लावल **तारीख** 26
**विशेष** मासिक शिवरात्रि।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **रोग** | 05.53 से | 07.22 बजे तक | **काल** | 05.42 से | 07.13 बजे तक |
| **उद्वेग** | 07.22 से | 08.15 बजे तक | **लाभ** | 07.13 से | 08.45 बजे तक |
| **चर** | 08.15 से | 10.19 बजे तक | **उद्वेग** | 08.45 से | 10.16 बजे तक |
| **लाभ** | 10.19 से | 11.48 बजे तक | **शुभ** | 10.16 से | 11.48 बजे तक |
| **अमृत** | 11.48 से | 01.16 बजे तक | **अमृत** | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| **काल** | 01.16 से | 02.45 बजे तक | **चर** | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| **शुभ** | 02.45 से | 04.13 बजे तक | **रोग** | 02.51 से | 04.22 बजे तक |
| **रोग** | 04.13 से | 05.42 बजे तक | **काल** | 04.22 से | 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## राशिफल

शुभ संवत 2082, शाके 1947, सौम्य गोष्ठ, मार्ग शीर्ष कृष्ण पक्ष, शरद ऋतु, गुरु उदय पूर्वे, शुक्रोदय पूर्वे तिथि त्रियोदशी, मंगलवार, स्वाति नक्षत्र, आद्य योगे, वालव करणे, तुला की चंद्रमा, भद्रा 12/30, 32/50 चर्तुदर्शी व्रत, तथापि पश्चिम दिशा की यात्रा शुभ उत्तम फलदायी होगी।

### आज जन्म लिए बालक का फल..........

आज जन्म लिया बालक योग्य, बुद्धिमानी, चपल, चतुर, चंचल, स्वाभिमानी, उत्तम वृत्ति वाला, बैंक कर्मचारी, कैशियर, लेखापाल, धनी-मानी, कुशल वक्ता-अधिवक्ता, शासक-प्रशासक, गुणी होगा।




मेष राशिः अपने आप पर नियंत्रण रखें, चिंता, विभ्रम, अशांति से बचिये, धैर्य रखें।

वृष राशिः अधिकारियों के तनाव व क्रोध से बचें, सतर्कता से कार्य अवश्य करें।

मिथुन राशिः स्त्री-वर्ग से हर्ष-उल्लास, कार्य-कुशलता से संतोष, समृद्धि के साधन बनेंगे।

कर्क राशिः विरोधी तत्व परेशान करेंगे, व्यवसायिक कार्यों में बाधा, चिन्ता ब?ेगी।

सिंह राशिः योजनायें फलीभूत होंगी एवं भावनायें उदार बनेंगी, कार्य अवश्य बनेंगे।

कन्या राशिः नवीन पद्यति से संतोष, तनाव से बचिये, अनायास आरोप-प्रत्यारोप होगा।

तुला राशिः समय साधारण गति से बीतेगा, व्यवसाय में प्रगति अवश्य होगी ध्यान दें।

वृश्चिक राशिः मनोवृत्ति अधिक संवेदनशील हो, कार्यवृत्ति में सुधार अवश्य होगा।

धनु राशिः चिन्ता निवृत्ति, अर्थलाभ, योजनायें फलीभूत होंगी, स्त्री-सुख होगा।

मकर राशिः अचानक यात्रा के प्रसंग बनेंगे, कार्य-योजना फलीभूत अवश्य ही होगी।

कुंभ राशिः चिन्ता मन को उद्विघ्न रखे, स्वयं पर नियंत्रण रखें, स्त्री-वर्ग से तनाव व क्लेश होगा।

मीन राशिः दैनिक कार्यगति अनुकूल, आर्थिक योजना फलीभूत अवश्य ही होगी।

पीएल गौतमाचार्य // मोनिका

## हमला कभी भी: ट्रंप ने तेल-गोल्ड का ऑफर ठुकराया, वेनेजुएला के पास पहुंचा अमेरिका का बाहुबली

**वॉशिंगटन।** अमेरिका और वेनेजुएला के बीच लंबे समय से तनातनी चल रही है। इसी बीच खबर आ रही है कि वेनेजुएला ने राष्ट्रपति निकोलस मादुरो के निर्देश पर ट्रंप प्रशासन को एक ऐसा ऑफर दिया था जिसे कोई भी लड़खड़ाती अर्थव्यवस्था वाला देश बचाने के लिए दे सकता था। यह ऑफर था वेनेजुएला की तेल और खनिज संपत्ति में अमेरिका को दबदबे वाली हिस्सेदारी देने का। लेकिन अब संकेत साफ दिख रहे हैं कि अमेरिका ने इस लालच को स्वीकार नहीं किया है। बल्कि इसके उलट अमेरिका जो कदम उठा रहा है उससे कभी भी वेनेजुएला पर हमले का खतरा बना हुआ है।

रिपोर्ट के मुताबिक एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि 'टेबल सेट हो रहा है' यानी माहौल तैयार किया जा रहा है। इसके समानांतर अमेरिका ने एक और मोर्चा भी सक्रिय कर दिया है। उसने ड्रग ट्रैफिकिंग के शक में एक और नाव को निशाना बनाया। इसमें तीन लोगों की मौत हुई। यह सितंबर से अब तक 21वां हमला है। इन हमलों में कुल 83 लोगों की मौत हो चुकी है। कांग्रेस, मानवाधिकार समूह और कई सहयोगी देश इन हमलों की वैधता पर सवाल उठा रहे हैं। लेकिन अमेरिकी प्रशासन का कहना है कि इनके लिए कानूनी अनुमति मौजूद है।

रिपोर्ट बताती है कि महीनों तक चली गुप्त बातचीत में मादुरो के शीर्ष सहयोगियों ने ट्रंप प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी के सामने ऐसा प्रस्ताव रखा था, जिसमें अमेरिका को मौजूदा और भविष्य की तेल और गोल्ड परियोजनाओं में प्राथमिक हिस्सेदारी मिलती। अमेरिकी कंपनियों को विशेष कॉन्ट्रैक्ट दिए जाते। चीन की ओर जा रहे तेल को अमेरिका की तरफ मोड़ने का वादा भी था। इतना ही नहीं मादुरो चीन, ईरान और रूस की ऊर्जा और खनन कंपनियों के साथ अपने समझौते कमजोर करने या समाप्त करने तक को तैयार थे। यह ऑफर लगभग मादुरो सरकार के राजनीतिक भविष्य की कीमत जैसा था।लेकिन ट्रंप प्रशासन ने इस ऑफर को ठुकरा दिया और पिछले हफ्ते वेनेजुएला के साथ कूटनीतिक बातचीत खत्म कर दी।

## ऑस्कर विजेता एक्टर ने जोहरान ममदानी पर कसा तंज, कहा- वामपंथी मूर्ख

**न्यूयॉर्क।** ऑस्कर विजेता अभिनेता और हॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री एंजलिना जोली के पिता जॉन वोइट ने ममदानी को एक कम्युनिस्ट मूर्ख करार दिया है। उन्होंने चेतावनी दी कि न्यूयॉर्क नव निर्वाचित 35 वर्षीय मेयर इस खूबसूरत शहर को बर्बादी की ओर ले जाएंगे। इतना ही नहीं वोइट ने सोशल मीडिया के जरिए अमेरिका के राष्ट्र्पति डोनाल्ड ट्रंप से शहर को बचाने का अनुरोध किया है। एक्स पर पोस्ट किए गए एक वीडियो संदेश में वोइट ममदानी को जमकर लताड़ लगाते हुए नजर आए। उन्होंने कहा, ममदानी इस खूबसूरत और कभी न सोने वाले शहर को तबाह कर देंगे और इसे अंधकार से भर देंगे। वोइट ने कहा कि न्यूयॉर्क को अमेरिकियों ने अपनी सदियों की मेहनत के बाद बनाया है। ऐसे में ममदानी को यहां पर समाजवाद के नियम लागू करने का कोई अधिकार नहीं है। वोइट ने ममदानी को मेयर पद से तुरंत ही बर्खास्त किए जाने की भी मांग की। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप को संबोधित करते हुए वोइट ने कहा कि अब केवल वह ही न्यूयॉर्क शहर को इस समाजवादी बर्बादी से बचा सकते हैं। वोइट ने आरोप लगाया कि नए मेयर समाजवाद की बात करते हैं, लेकिन उनके पास इसको लागू करने का कोई अधिकार नहीं है।

## ब्रीफ न्यूज

### युवक ने फांसी लगाई

**जबलपुर।** भेड़ाघाट थाना अतंर्गत ग्राम दिघौरा में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या का कारण अज्ञात है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

भेड़ाघाट पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम दिघौरा निवासी 25 वर्षीय राजा गौंड ने किचिन के पंखा के कुंदा से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया गया है कि मृतक गत रात लगभग 9 बजे खाना खाकर परिवार सहित सो गया था7 सोमवार की सुबह लगभग 5 बजे मृतक की मां अनीता बाई ने देखी राजा फांसी पर लटका मिला। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

### पत्रकार आशीष शुक्ला को भ्रात शोक

**जबलपुर।** समाचार पत्र यश भारत के संस्थापक आशीष शुक्ला और आशीष ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन के संचालक अभिषेक शुक्ला के छोटे भाई अजय शुक्ला का सोमवार की प्रात: आकस्मिक निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार सोमवार की शाम 4़00 बजे रानीताल मुक्तिधाम में किया गया। अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में समाज के सभी वर्गों के लोगों ने शामिल होकर दिवंगत आत्मा को अपनी श्रद्धाजंलि दी।

### श्री मारूती महायज्ञ का भव्य समापन

**जबलपुर।** विश्व कल्याण के लिए भगवान पाट बाबा मंदिर परिसर में 149वां श्री मारूती महायज्ञ का भव्य समापन हुआ। समापन और भण्डारे के दौरान नगर के महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मधू यादव, आलोक मिश्रा, चिन्टू चौकसे, संजय श्रीवास्तव, उमेश यादव, के साथ सैंकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए। मारूती महायज्ञ के मुख्य यजमान नगर निगम के पूर्व अपर आयुक्त राकेश अयाची एवं यजमान राजेश शर्मा, सुनील शुक्ला, गणेश सोनी, नंदबाबा आदि ने बताया कि 9 दिवसीय 149वॉं मारूती महायज्ञ संत योगीराज देवराहा बाबा के आशीर्वाद से काशी से पधारे श्री श्री 1008 पीठाधीश्वर स्वामी जगदीश दास महाराज के सानिध्य में प्रतिदिन सुबह 7 बजे से शाम को 4 बजे तक वेदपरायण, पूजन हवन के अलावा भंडारे का आयोजन किया जा रहा था। महायज्ञ के संबंध में पीठाधीश्वर स्वामी जगदीश दास जी महाराज ने अपने विचार में कहा कि श्री मारूती महायज्ञ में शामिल होकर हवन पूजन करने वाले भक्तों को सारे कष्ट रोग दूर होते हैं और जीवन में यश और वैभव की प्राप्ति होती है।

### सड़क हादसे में घायल की मौत

**जबलपुर।** कोतवाली थानांतर्गत गत 11 नवंबर को उखरी रोड पर स?क हादसे में घायल युवक को इलाज के लिए मेडीकल अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां इलाज के दौरान कल युवक ने दम तो? दिया। सूचना पर मर्ग कायम कर जांच में लिया गया। कोतवाली पुलिस ने बताया कि नेता कालोनी अधारताल निवासी साहिल कुण्डू गत 11 नवंबर को उखरी रोड स्थित पानी की टंकी के पास स?क हादसे का शिकार हो गया था। जिसे उपचार के लिए मेडीकल अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां कल उसकी मौत हो गई।

### बेरोजगार पुत्र ने पिता को मारी राड

**जबलपुर।** अधारताल थानांतर्गत न्यू रामनगर में रहने वाले राजेश पेशवानी फेरी लगाकर कप? बेचता है। कल शाम जब वे फेरी लगाकर घर लौटे तो उनके पुत्र सूरज ने पिता से शराब पीने 500 रुपये मांगे। मना करने पर सूरज ने अपने पिता राजेश पेशवानी के सिर पर रॉड से हमला कर हाथ, पैरों में चोटें पहुंचा दी। घटना के संबंध में अधारताल पुलिस ने बताया कि न्यू रामनगर सुराही बिल्डिंग निवासी राजेश पेशवानी शहर में फेरी लगाकर कप? बेचते हैं। उनका ब?ा बेटा सूरज कोई काम नहीं करता है। कल शाम जब राजेश फेरी लगाकर घर लौटे तो सूरज उनसे शराब पीने 500 रुपये मांगने लगा। मना करने पर सूरज ने गाली गलौज कर पिता राजेश पेशवानी के साथ राड से मारपीट कर हाथ, पैरों में चोटें पहुंचा दी।

### कॉलेज से लूटा मोबाइल

**जबलपुर।** बेलबाग थानांतर्गत कल रात सिंधी कैंप हनुमानताल में घर से बाहर टहलने निकले कॉलेज छात्र से बिना नंबर की स्कूटी पर आये अज्ञात युवक मोबाइल छीनकर भाग गये। उक्त मोबाइल फोन आईफोन कंपनी का था। अज्ञात लुटेरों पर धारा 304 (2) बीएनएस का मामला दर्ज कर तलाश की जा रही है।

# गुना में बिहार की सियासी बहस बनी मौत का बहाना

## जेडीयू समर्थक मामाओं ने राजद समर्थक भांजे को कीचड़ में दबाकर मार डाला

## कैंट पुलिस ने दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

## गुना में रहकर कर रहे थे मजदूरी

**गुना।** बिहार का चुनावी माहौल हजारों किलोमीटर दूर मध्य प्रदेश के गुना जिले में खूनखराबे में बदल गया, जब राजनीतिक बहस ने परिवार को ही दो हिस्सों में बांट दिया। पुलिस लाइन में बन रहे आवासीय क्वार्टर्स में मजदूरी करने आए तीन रिश्तेदारों के बीच सियासी तकरार इतनी बढ़ी कि दो मामाओं ने अपने ही भांजे की कीचड़ में मुंह दबाकर हत्या कर दी। वारदात के बाद मौके पर फैली सनसनी ने पूरे इलाके को हिलाकर रख दिया। घटना कैंट थाना क्षेत्र स्थित पुलिस लाइन के निर्माणाधीन परिसर की है, जहां बिहार के शिवहर जिले से मजदूरी करने आए शंकर मांझी (22) अपने दो परिचितों राजेश मांझी (25) और तूफानी मांझी (27) के साथ ठहरा हुआ था। तीनों लगभग दो-तीन दिन पहले ही गुजरात और अन्य राज्यों में मजदूरी करने के बाद गुना पहुंचे थे और रोजमर्रा के काम में लगे थे। रविवार रात तीनों ने साथ मिलकर खाना बनाया, शराब पी और देर रात तक बातचीत करने लगे। इसी दौरान बिहार चुनावों के ताजा नतीजों पर हुई बहस का




माहौल गरमा गया।

पुलिस जांच में सामने आया कि शंकर राजद समर्थक था, जबकि उसके दोनों मामा जेडीयू की विचारधारा का समर्थन करते थे। शराब के नशे में बातचीत धीरे-धीरे आरोप-प्रत्यारोप में बदल गई। दोनों पक्ष एक-दूसरे को उकसाते रहे और मामला गालियों तक जा पहुंचा। पुलिस सूत्रों का कहना है कि तेजस्वी यादव और जेडीयू नेताओं को लेकर हुई तीखी टिप्पणी ने विवाद को भड?ाया। स्थिति इस हद तक बिगड़ गई कि राजेश और तूफानी ने गुस्से में शंकर पर हमला कर दिया। मारपीट इतनी बढ़ गई कि दोनों मामाओं ने मिलकर शंकर को पास की कीचड़ भरी मिट्टी में घसीटा और उसका मुंह पानी व कीचड़ में दबा दिया। शंकर तड़पता रहा, लेकिन दोनों ने उसे तब तक नहीं छोड़ा जब तक कि उसकी सांसें बंद नहीं हो गईं। घटना के बाद दोनों आरोपी घबराकर वहां से हट गए। कुछ देर बाद मजदूरों ने शंकर को अचेत अवस्था में देखा और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर युवक को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

कैंट पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए राजेश और तूफानी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में दोनों ने घटना कबूल की और स्वीकार किया कि नशे में बहस इतनी बढ़ गई कि वे खुद पर नियंत्रण नहीं रख पाए। पुलिस अब घटना में शराब सेवन और मौके की परिस्थितियों की जांच कर रही है। बहरहाल बिहार से हजारों किलोमीटर दूर गुना में हुई यह वारदात बताती है कि राजनीति की ताप कितनी दूर तक असर डाल सकती है। स्थानीय पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराते हुए परिजनों को सूचना भेज दी है और आरोपियों के खिलाफ हत्या का प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# एंबुलेंस ने मारी टक्कर, प्लंबर की दर्दनाक मौत डिज़ाइन और यातायात अव्यवस्था से नाराज रहवासियों ने एबी रोड पर जाम लगाया

**गुना।** नानाखेड़ीङ्कभगत सिंह तिराहा क्षेत्र में रविवार शाम हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे ने इलाके में तनाव का माहौल बना दिया। प्लंबरी का काम करने वाले बूढ़े बालाजी निवासी नरेंद्र प्रजापति, उम्र 30 वर्ष, अपने कर्मचारी अभिषेक कुशवाह को छोड़ने भगत सिंह कॉलोनी जा रहे थे। शाम करीब 6़30 बजे जैसे ही उनकी मोटरसाइकिल तिराहे के मोड़ पर पहुंची, तभी म्याना की ओर से तेज रफ्तार में आ रही एक एंबुलेंस ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि नरेंद्र प्रजापति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अभिषेक कुशवाह गंभीर रूप से घायल हो गया।

नरेंद्र अपने पीछे दो बेटे और एक बेटी छोड़ गया है। घटना के बाद क्षेत्र में आक्रोश फैल गया। लोगों का कहना था कि गायत्री मंदिर मार्ग से भगत सिंह कॉलोनी की ओर जाने वाले इस रूट पर सड़क डिज़ाइन बेहद खराब है, जिसके कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। मोड़ पर वाहनों



को नियंत्रित करना मुश्किल होता है और कई लोग पहले भी इसकी शिकार हो चुके हैं।

घटना से नाराज रहवासियों ने सोमवार सुबह एबी रोड पर चक्काजाम कर दिया। बड़ी संख्या में भगत सिंह कॉलोनी के लोग सड़क पर उतर आए और यातायात अव्यवस्था के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। लोगों ने कहा कि हनुमान चौराहे की दिशा से आने वाले वाहनों के लिए यह मोड़ बेहद खतरनाक बन चुका है, लेकिन जिम्मेदार विभाग सुधार की ओर ध्यान नहीं दे रहा। चक्काजाम की सूचना मिलते ही तहसीलदार जीएस बैरवा और केंट थाना प्रभारी अनूप भार्गव मौके पर पहुंचे। लोगों की नाराजगी को देखते हुए तहसीलदार बैरवा ने आश्वासन दिया कि यह सड़क पीडब्ल्यूडी द्वारा बनाई गई है और उनके एई को मौके पर बुलाया गया है, जो समस्या का तत्काल निराकरण करेंगे। काफी समझाइश और आश्वासन के बाद आखिरकार लोगों ने जाम हटाया। उधर सोमवार सुबह पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया और एंबुलेंस चालक के खिलाफ मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। यह हादसा एक बार फिर सड़क डिज़ाइन और यातायात व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े कर रहा है, जिसे लेकर स्थानीय लोग ठोस कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

### इनका कहना है

अभी भारी बारिश के कारण शहर की कई सड?ें उखड़ें पकड़ी हैं। इस संबंध में कलेक्टर साहब ने संबंधित विभाग को बोला है। टीएल बैठक में भी निर्देशित किया गया है। चाहे वो नगरपालिका हो या पीडब्ल्यूडी हो, उन सभी सड?ों को संज्ञान में ले रहे हैं। स्पीड ब्रेकर वाले विषय, डोंजर जोन स्थानों को चिन्हित करने हो या अन्य विषय उन्हें संज्ञान में लेकर निराकरण किया जाएगा।

**-जीएस बैरवा, तहसीलदार गुना**

# विधानसभा अध्यक्ष श्री तोमर के आवान आगमन पर हुआ भव्य स्वागत



**गुना।** मध्यप्रदेश भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं विधानसभा अध्यक्ष श्री नरेंद्र सिंह तोमर का सोमवार को गुना जिले के राघोगढ़ विधानसभा स्थित आवन में आगमन हुआ उनके आगमन पर भाजपा जनों ने भव्य स्वागत किया तत्पश्चात श्री तोमर ने श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर के दर्शन पूजन अर्चन कर आशीर्वाद लिया। इसके बाद वह आवन में क्षेत्रीय वैदिक सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल रहे।

### क्षेत्रीय संगठन मंत्री जामवाल ने मुखर्जी भवन में कार्यकर्ताओं से भेंट की

**ग्वालियर।** भाजपा के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री श्री अजय जामवाल ने भाजपा कार्यालय मुखर्जी भवन पहुंचकर भाजपा कार्यकर्ताओं से मुलाकात की ।

श्री अजय जामवाल ने मुखर्जी भवन पहुंचकर पं. दीनदयाल उपाध्याय जी को पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया।

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष जयप्रकाश राजौरिया ने क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल के मुखर्जी भवन आगमन पर उनका अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया।

इस अवसर पर पूर्व सांसद विवेक नारायण शेजवलकर, प्रदेश उपाध्यक्ष केशव भदौरिया, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य वेदप्रकाश शर्मा, श्रीमती सुमन शर्मा, जवाहर प्रजापति, जितेंद्र सिंह गुर्जर, तुषमुल झा, आशीष प्रताप सिंह राठौड़, दीपक भदौरिया, राकेश माहौर, डॉ अरविन्द राय, विवेक जोशी, उदय अग्रवाल, रामेश्वर भदौरिया, राघवेन्द्र सिंह कुशवाह, धर्मेन्द्र तोमर, सुधीर गुप्ता, रमेश सेन, गिर्राज व्यास, आलोक आहूजा, भारत शाक्य, हेमंत चौपड़ा सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

# पावर जनरेटिंग कंपनी ने भेल के साथ किया अनुबंध

## 23 हजार करोड़ की दो नई विद्युत ईकाईयों की स्थापना का मार्ग प्रशस्त

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश की बढ़ती विद्युत आवश्यकताओं को दीर्घकालिक रूप से पूर्ण करने और राज्य में विद्युत उत्पादन क्षमता को सुदृढ़ करने की दिशा में मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कम्पनी लिमिटेड (एमपीपीजीसीएल) ने 660-660 मेगावाट की दो नई ताप विद्युत इकाइयों की स्थापना के लिए गत दिवस भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल-भेल) के साथ विद्युत कम्पनियों के मुख्यालय शक्ति भवन जबलपुर में महत्वपूर्ण अनुबंध हस्ताक्षरित किया। हस्ताक्षरित अनुबंधों का कुल मूल्य 23 हजार 600 करोड़ है। यह दो नई इकाईयां सतपुड़ा ताप विद्युत गृह सारनी और अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई में स्थापित होंगी। मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के प्रबंध संचालक मनजीत सिंह,




डायरेक्टर टेक्न?िकल सुबोध निगम व डायरेक्टर कॉमर्शि?यल मिलिन्द भान्दक्कर की उपस्थि?ति में इस अनुबंध पर मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के मुख्य अभि?यंता परियोजना विवेक नारद और भेल के महाप्रबंधक जोगेश गुलाटी ने हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर भेल की ओर से सहायक प्रबंधक अजय जैन, उप महाप्रबंधक सुधांशु कुमार सहित पावर जनरेटिंग कंपनी के वरिष्ठ अभियंता उपस्थित थे।

### सुपर क्रिटिकल तकनीक से होगा उत्पादन

सतपुड़ा ताप विद्युत गृह सारनी व अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई में 660-660 मेगावाट की दोनों इकाइयों में विद्युत उत्पादन जून 2030 से प्रारंभ किए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। ये दोनों ताप विद्युत इकाइयों अत्याधुनिक, उच्च दक्षता वाली सुपरक्रिटिकल तकनीक पर आधारित रहेंगी। बीएचईएल (भेल) इन इकाइयों हेतु बॉयलर, टरबाइन, जनरेटर एवं अन्य महत्वपूर्ण तकनीकी संरचनाओं की आपूर्ति और निर्माण का कार्य करेगा।

### 1320 मेगावाट का होगा इज़ाफा

मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के ताप विद्युत गृहों की कुल उत्पादन क्षमता वर्तमान में 4570 मेगावाट है। सारनी व चचाई में 660-660 मेगावाट की इकाइयों की स्थापना के बाद ताप विद्युत उत्पादन क्षमता बढ़कर 5890 मेगावाट हो जाएगी।

### विद्युत क्षमता में होगी बढ़ोत्तरी

उत्पादन सतपुड़ा ताप विद्युत गृह सारनी की वर्तमान उत्पादन क्षमता 500 मेगावाट है। यहां 250-250 की दो इकाइयां कार्यशील हैं। वहीं अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई में 210 मेगावाट की इकाई विद्युत उत्पादन कर रही है। नई इकाइयों की स्थापना के पश्चात् सारनी की उत्पादन क्षमता बढ़कर 1160 मेगावाट व चचाई की 870 मेगावाट हो जाएगी।

### अनुबंध दोनों परियोजनाओं के लिए अहम पड़ाव

प्रबंध संचालक मनजीत सिंह ने इस अनुबंध को दोनों परियोजनाओं के सफल क्रियान्वयन की दिशा में एक अहम पड़ाव बताया तथा बीएचईएल की तकनीकी विशेषज्ञता पर विश्वास व्यक्त किया। परियोजना पूर्ण होने पर एपीपीजीसीएल की ताप व जल विद्युत की संयुक्त उत्पादन क्षमता बढ़कर 6,812 मेगावाट हो जाएगी, जिससे प्रदेश की विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को और अधिक स्थिरता एवं मजबूती प्राप्त होगी।

# उच्च शिक्षा मंत्री कर रहे इतिहास की अवमानना

## राजा राम मोहन राय को 'ब्रिटिश एजेंट' कहे जाने की निंदा

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री द्वारा राजा राम मोहन रॉय को 'ब्रिटिश एजेंट' कहना न केवल इतिहास की गंभीर अवमानना है, बल्कि देश के एक महान समाज सुधारक के प्रति अपमानजनक भी है। राजा राम मोहन रॉय, जिन्हें भारतीय पुनर्जागरण का पिता कहा जाता है, ने सती प्रथा के खिलाफ आवाज उठाई, महिलाओं के अधिकारों और शिक्षा के लिए संघर्ष किया, और ब्रह्म समाज की स्थापना कर सामाजिक कुरीतियों का विरोध किया। उनके योगदान ने भारत को एक प्रगतिशील और आधुनिक दिशा दी। एनएसयूआई के राष्ट्रीय प्रवक्ता विराज यादव ने जारी एक बयान में कहा कि यह अत्यंत शर्मनाक है कि उच्च शिक्षा जैसे जिम्मेदार पद पर बैठे व्यक्ति इस प्रकार का भ्रामक और अस्वीकार्य बयान दें। भाजपा और आरएसएस द्वारा निरंतर राष्ट्रनायकों की छवि को तोड़ने-मरोड़ने की यह साजिश भारतीय समाज के मूल्यों पर हमला है। हमें इस मनगढ़ंत इतिहास का हर स्तर पर विरोध करना होगा।

एनएसयूआई के राष्ट्रीय प्रवक्ता विराज यादव ने ऐसे बयान की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि राजा राम मोहन राय की विरासत समानता, आजादी और न्याय के आदर्शों की प्रतीक है। हम हर मंच से इस तरह के इतिहास विकृतिकरण के प्रयासों का विरोध करेंगे।

प्रदेश प्रवक्ता, यूथ कांग्रेस, वरुण यादव ने भी मंत्री के बयान को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि 卐राजा राम मोहन राय जैसे समाज सुधारक पर टिप्पणी करना भारतीय संस्कृति के प्रति अज्ञानता और असंवेदनशीलता दर्शाता है। युवाओं को ऐसे नेताओं से सीख नहीं, बल्कि सबक लेना चाहिए जो समाज को पीछे ले जाने का प्रयास कर रहे हैं।

# पत्रकारों से आम नागरिकों ने पूछें सवाल, इन्दौर में हुआ अनोखा आयोजन, राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर पत्रकारों का किया सम्मान

**इन्दौर।** कई दिग्गज पत्रकार भी उस समय सोचने को मजबूर हो गए जब शहर के आम नागरिकों ने उनसे पत्रकारिता और अखबार के साथ प्रेस से संबंधित सवाल पूछने शुरू कर दिए। मौका था राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर संस्था मातरम द्वारा स्थानीय एमजी रोड स्थित बड़ीज् कैफे में आयोजित लोकतंत्र के चौथे स्तंभ अभिनंदन समारोह का। समारोह में एक सेशन आम नागरिकों द्वारा पत्रकारों से सवाल पूछे जाने का भी रखा गया था। जिसमें पहली बार शहर के आम नागरिकों ने पत्रकारों से सीधे सवाल पूछे। सवाल पुछने वालों की जिज्ञासा थी कि क्या मैनेजमेंट का दबाव रहता है? क्या किसी पार्टी नेता विशेष के पक्ष में खबरों को लेकर निर्देश रहते हैं? हर दिन के काम में अन्य अखबारों से कैसी प्रतिस्पर्धा रहती है? नेगेटिव खबरों के साथ पॉजिटिव खबरों के बीच तालमेल कैसे बैठाते हैं। पत्रकारों ने इसके जवाब में कहा कि कोई खबर नेगेटिव नहीं होती, नेगेटिव खबर में भी पॉजिटिव सतर्क करने वाला संदेश रहता है। मैनेजमेंट का एक मात्र दबाव रहता है कि हर दिन अच्छा अखबार निकले, पाठकों की बात लिखने वाला, पाठकों की पसंद का अखबार निकालो। अखबार में विज्ञापन लाने, विज्ञापन आधारित खबरों का दबाव इसलिये नहीं रहता कि हर अखबार में इसके लिये मार्केटिंग टीम काम करती है। प्रेस दिवस के अवसर पर इंदौर में आयोजित इस अनोखे आयोजन में नए और पुराने दोनों पीढ़ियों के पत्रकार एक ही मंच पर मौजूद रहे। जिनसे पहला सवाल इंदौर की जनता की ओर से महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने पूछा। उन्होंने पूछा कि खबरें छोटी होती जा रही हैं, उनकी गहराई कम होती जा रही है ऐसे में पत्रकारों को किन चुनौतियों का सामना करना पड़ता है? साथ ही टीआरपी की दौड़ में गलत खबरें प्रसारित होने के हालिया मामलों का भी जिक्र किया। महापौर के सवाल का जवाब पत्रकार अमित मंडलोई ने दिया। उनके अलावा मंच से सवालों का जवाब देने वालों में वरिष्ठ पत्रकार जितेंद्र व्यास, अनिल कर्मा एवं प्रकाश हिंदुस्तानी भी थे। वहीं आम नागरिकों द्वारा लगातार सवाल पूछे, जिनका जवाब प्रेस जगत से जुड़े अन्य अनुभवी पत्रकारों ने भी दिया। इस आयोजन में पत्रकारों के सम्मान के साथ बदलते मीडिया परिदृश्य, चुनौतियों और जनता की उम्मीदों पर खुलकर चर्चा हुई। कार्यक्रम में शहर के कई नामचीन पत्रकार शामिल हुए, जिनमें राजेश चेलवात, हेमंत शर्मा, संजय लुणावत, हृदयेश दीक्षित, प्रतीक श्रीवास्तव, नवनीत शुक्ला, अरविंद तिवारी, सुनील जोशी सहित कई मीडिया संस्थानों के प्रतिनिधि शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन पत्रकार शेखर बागोरा ने किया। सवाल-जवाब के रोचक दौर के बाद दूसरे चरण में पत्रकारों का सम्मान महापौर पुष्यमित्र भार्गव और विधायक गोलू शुक्ला ने किया।

# नगर संसाधन केंद्र में अनुशासन रसातल में आउटसोर्सिंग कर्मचारियों की मनमानी चरम पर

## कार्यालय में हस्ताक्षर कर गायब होने की प्रवृत्ति से विभागीय कामकाज ठप

## सुबह 11-11 बजे तक सूना पड़ा नगर संसाधन केंद्र, केवल आशीष चौधरी कम्प्यूटर आपरेटर, जितेन्द्र राजपूत एम आई एस कर रहा था ड्यूटी

## नगर संसाधन केंद्र में आउटसोर्सिंग कर्मचारियों की मनमानी जारी – समय के बाद आना और समय से पहले जाना बना आम चलन

**संवाददाता – देवेंद्र साहू**

**ललितपुर।** नगर संसाधन केंद्र नगर क्षेत्र में इस समय अव्यवस्था का आलम इस कदर हावी है कि विभागीय अनुशासन और प्रशासनिक नियंत्रण दोनो ही बेअसर साबित हो रहे हैं। केंद्र में तैनात आउटसोर्सिंग कर्मचारी मनमानी के ऐसे दौर में पहुँच चुके हैं जहाँ न तय समय का पालन हो रहा है, न दायित्वों का निर्वहन। एबीएसए द्वारा बार–बार दी गई चेतावनियाँ, निर्देश और औचक निरीक्षण भी उनकी शैली को नहीं बदल सके। कर्मचारियों की यह ढीली कार्यप्रणाली अब विभाग के उच्च अधिकारियों के संज्ञान तक पहुँच चुकी है और गंभीर सवाल खड़े कर रही है। खंड शिक्षा अधिकारी नगर क्षेत्र ने कई दौर के निरीक्षण, मौखिक चेतावनी और लिखित निर्देश जारी किए, फिर भी न तो कर्मचारियों के समय पर पहुँचने की स्थिति में सुधार हुआ और न ही उनके कार्यालयी व्यवहार में।

शिक्षा विभाग की अनुशासनहीनता अब खुलकर सामने आने लगी है। नगर संसाधन केंद्र में सोमवार की सुबह जब मीडिया कर्मी पहुंचे तो नजारा चौंकाने वाला था। सुबह 11-11 बजे तक पूरे कार्यालय में आशीष चौधरी कम्प्यूटर आपरेटर, जितेन्द्र राजपूत एम आई एस मौजूद थे, जबकि अन्य किसी भी कर्मचारी की उपस्थिति नहीं थी। कार्यालय का माहौल सन्नाटे में डूबा हुआ था, न कोई क्लर्क, न लिपिक, न ही प्रभारी अधिकारी। यह स्थिति तब है जब बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा समयपालन और उपस्थिति को लेकर कई बार सख्त निर्देश दिए जा चुके हैं। फिर भी नगर संसाधन केन्द्र जैसे महत्वपूर्ण कार्यालय में इस तरह की मनमानी और लापरवाही यह दिखाती है कि अधिकारी स्वयं भी अनुशासन लागू कराने में नाकाम हो रहे हैं। स्थानीय शिक्षकों ने बताया कि यहां अक्सर यही हाल रहता है, कर्मचारी देर से आते हैं और जल्दी निकल जाते हैं। शिक्षा व्यवस्था से जुड़े कई आवश्यक कार्य, जैसे वेतन बिल, अवकाश स्वीकृति, डाटा अपडेट और विद्यालयों से संबंधित पत्राचार, इन कर्मचारियों की गैरहाजिरी के कारण रुक जाते हैं। इस पूरे मामले ने न केवल शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़ा कर दिया है, बल्कि यह भी दर्शा दिया कि धरातल स्तर पर भी निगरानी व्यवस्था केवल कागजों तक सीमित है।

### समय पालन की धज्जियां, सुबह 11- 11 बजे तक सूना पड़ा दफ्तर

जब मीडिया ने मौके पर जाकर हकीकत देखी तो केवल आशीष चौधरी कम्प्यूटर आपरेटर, जितेन्द्र राजपूत एम आई एस अपने डेस्क पर बैठे मिले। वाकी समस्त स्टाफ समय पर नहीं मिला। यानी जिस दफ्तर से पूरी शिक्षा व्यवस्था की रिपोर्ट तैयार होती है, वही अनुशासन की धज्जियां उड़ा रहा है। लोगों का कहना है कि अगर यही हाल रहा तो विभागीय कामकाज पर गहरा असर पड़ेगा।

### बीएसए की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी पर सवाल उठना लाजिमी है। शिक्षकों ने आरोप लगाया कि बीएसए न तो औचक निरीक्षण करते हैं, न ही अनुशासनहीन कर्मचारियों पर कोई कार्यवाही। जबकि नगर संसाधन केन्द्र बेसिक शिक्षा विभाग के कार्यालय से चंद कदमों की दूरी पर स्थित है, जिसके बाद भी कार्यालय की स्थिति चिंताजनक है। कुछ शिक्षकों का कहना है कि कार्यालय में मनमानी करने वाले कर्मचारियों को अधिकारी का संरक्षण प्राप्त है, इसीलिए वे बिना डर देर से आते हैं। यह पूरा मामला विभागीय सुस्ती और निगरानी की कमी को उजागर करता है।

### कर्मचारियों के आने-जाने का कोई निर्धारित समय नहीं

नगर संसाधन केंद्र में कर्मचारियों के लिए कार्यालय में आने–जाने का कोई तय समय नहीं है। यह स्थिति न केवल कार्यालय के कार्यों में अव्यवस्था का कारण बनती है, बल्कि सरकारी कार्यों की क्षमता पर भी प्रतिकूल असर डाल रही है। अगर कर्मचारियों का समय पर दफ्तर में न पहुंचना और बिना कारण लापरवाही दिखाना जारी रहेगा, तो यह सार्वजनिक सेवाओं की गुणवत्ता को भी प्रभावित करेगा। विभागीय सूत्र बताते हैं कि एमआईएस कोर्डिनेटर चुपचाप आकर हस्ताक्षर करके अपने पटल से गायब हो जाते हैं और सहायक लेखाकार की भी यही स्थिति है, क्वालिटी कोऑर्डिनेटर सक्षम अधिकारी के बेहद करीबी होने के कारण 12 बजे कार्यालय में आना बताया जाता है। जिसकी पुष्टि गोपनीयता निरीक्षण से की जा सकती है।

### बीएसए की चुप्पी और बढ़ती अनियमितताएं

शासन की इस लापरवाही पर बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) की चुप्पी भी चिंताजनक है। ऐसा प्रतीत होता है कि बीएसए इस स्थिति को सुधारने में दिलचस्पी नहीं रखते, और नगर संसाधन केंद्र में बढ़ती अनियमितताओं पर उनका कोई ध्यान नहीं है। अधिकारी की उदासीनता के कारण कर्मचारियों के लिए किसी प्रकार की जिम्मेदारी नहीं बची है।

### प्रेस कार्ड की फोटो लेकर मुकदमा लिखवाने दी धमकी

नगर संसाधन केंद्र में कवरेज करने पहुँचे एक स्थानीय पत्रकार के साथ अभद्रता और धमकी दिए जाने का मामला उजागर हुआ है। सोमवार को पत्रकार केंद्र में कर्मचारियों की उपस्थिति और कार्यप्रणाली से जुड़ी शिकायतों की वास्तविक स्थिति जानने पहुँचे थे। इसी दौरान वहाँ तैनात आशीष चौधरी कम्प्यूटर आपरेटर ने उनके साथ अभद्र व्यवहार किया और पत्रकार के प्रेस कार्ड की फोटो खींचकर मानहानि का मुकदमा लिखवाने की धमकी तक दे डाली।

जानकारी के अनुसार, नगर संसाधन केंद्र में लंबे समय से कर्मचारियों के समय पर न पहुँचने की शिकायतें मिल रही थीं। कई बार कर्मचारी निर्धारित समय से काफी देर बाद पहुँचते हैं, जिससे लोगों को परेशानी होती है। इसी अव्यवस्था की कवरेज के दौरान पत्रकार से आशीष चौधरी कम्प्यूटर आपरेटर भड़क उठा और अभद्र भाषा का उपयोग करते हुए दबाव बनाने की कोशिश की।

मौके पर मौजूद लोगों का कहना है कि पत्रकार शांत तरीके से अपनी रिपोर्टिंग कर रहे थे, लेकिन आशीष चौधरी कम्प्यूटर आपरेटर ने जानबूझकर विवाद खड़ा किया ताकि लापरवाही छुपाई जा सके। बाबू द्वारा प्रेस कार्ड की फोटो लेकर मानहानि का मुकदमा दर्ज कराने की धमकी देना पत्रकारों को डराने का प्रयास माना जा रहा है।

घटना के बाद स्थानीय पत्रकारों में रोष व्याप्त है। उन्होंने कहा कि मीडिया लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है और किसी भी सरकारी कार्यालय की अव्यवस्था को उजागर करना पत्रकार का कर्तव्य है, न कि अपराध। पत्रकार संघ ने ऐसे कर्मचारियों पर कार्रवाई की मांग की है जो अपने कर्तव्यों में लापरवाही बरतते हुए पत्रकारों को धमकाते हैं।

# स्थगन आदेश के बावजूद जमीन पर जबरन कब्जे का प्रयास

## पुलिस के आते ही जेसीबी लेकर भागे तीन दर्जन से अधिक लोग



**ललितपुर।** सिविल जज सीनियर डिवीजन की न्यायालय से स्थगन आदेश प्राप्त होने के बावजूद भी दबंगों द्वारा जबरन जमीन पर भारी–भरकम मशीनों को ले जाकर बलपूर्वक अवैध कब्जा करने का प्रयास किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस सम्बन्ध में ग्राम पनारी निवासी जाकिर खां उर्फ जाकिर राज चौहान पुत्र स्व.सगीर खां ने पुलिस अधीक्षक को एक शिकायती पत्र दिया है। बताया कि बीती 16 नवम्बर को सुबह 11 बजे वह अपने घर में था। तभी लेखपाल, कानूनगो व राजस्व कर्मी एकत्र होकर आये और उससे कहा कि एसडीएम के आदेश पर जमीन की नाप करना है। प्रकरण में जब आराजी नं. 207 व 208 का सिविल जज सी.डि. से स्थगन आदेश दिखाया गया, जिस पर पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी मौके से चले गये। आरोप है कि इसी बीच नदीपुरा निवासी अकरम अपने साथ ग्राम घटवार व आजादपुरा में रहने वाले कुछ लोगों को लेकर आये। इनके साथ तीन से चार दर्जन लोग और भी हथियारों से लैस होकर मौके पर थे। आरोप है कि उक्त लोगों ने दहशत फैलाने का भरशक प्रयास किया और स्थगन आदेश के बावजूद भी जमीन में लगी तार फेंसिंग, पत्थर गड्डी को जेसीबी मशीन से तोड़ते हुये जमीन में घुस गये और कब्जा करने का प्रयास किया। करीब एक घण्टा बाद उसने जेसीबी चलाने से मना किया तो उक्त लोग हमला करने पर आतुर हो गये और जान से मारने की धमकी देते हुये षड?त्रपूर्वक झूठे मुकद्दमें में फंसाने की धमकी देने लगे। पीड़ित ने तत्काल डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी, जिस पर कुछ ही समय पश्चात पुलिस मौके पर आ पहुंची, जिसे देखकर उक्त लोग जेसीबी लेकर भाग गये। आरोप है कि उक्त लोग जमीनों की खरीद–फरोख्त का कार्य करते हैं और उक्त जमीन बेशकीमती होने के चलते इस पर जबरन कब्जा करना चाहते हैं। उक्त लोगों पर शिकायतकर्ता ने जानमाल का खतरा होने की संभावना व्यक्त करते हुए एसपी से मामले में कार्यवाही किये जाने की गुहार लगायी है।

# बम्होरी कलां गांव में बिक रही अवैध शराब

## महिलाओं ने एडीएम का घेराव कर शराबबंदी कराने की उठायी मांग



**ललितपुर।** थाना जाखलौन क्षेत्र के ग्राम बम्होरी कलां में अवैध शराब की बिक्री के विरोध में 50 से अधिक महिलाओं ने कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचकर अपर जिलाधिकारी अंकुर श्रीवास्तव का घेराव किया। महिलाओं ने तत्काल कार्रवाई की मांग की, जिसके बाद अपर जिलाधिकारी ने आबकारी विभाग को निर्देश दिए। थाना जाखलौन अंतर्गत ग्राम बम्होरी कलां निवासी इन महिलाओं ने सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन किया। उन्होंने अपर जिलाधिकारी को बताया कि उनके गांव में पांच लोग खुलेआम अवैध रूप से शराब बेच रहे हैं। इस कारण लोगों को 24 घंटे आसानी से शराब उपलब्ध हो रही है। महिलाओं ने शिकायत की कि शराब पीने से उनके पति और बेटे बीमार हो रहे हैं, और कई लोग शराब के लिए घर का सामान तक बेच देते हैं। जब वे शराब बिक्री का विरोध करती हैं, तो अवैध शराब बेचने वाले उन्हें धमकी देते हैं। महिलाओं ने स्थानीय पुलिसकर्मियों पर भी अवैध शराब विक्रेताओं से हर महीने पैसे लेने का आरोप लगाया। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि अवैध शराब की बिक्री बंद नहीं हुई तो वे आगे भी प्रदर्शन करेंगी। अपर जिलाधिकारी अंकुर श्रीवास्तव ने तत्काल आबकारी अधिकारी को मौके पर बुलाया और अवैध रूप से शराब बेचने वाले लोगों पर कार्रवाई के निर्देश दिए। अपर जिलाधिकारी अंकुर श्रीवास्तव ने कहा कि अवैध शराब बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए आबकारी विभाग और पुलिस की एक संयुक्त टीम बनाकर छापेमारी की जाएगी। ज्ञापन देते समय विजय सिंह, मंगल सिंह, जगभान, मुन्नालाल, फूला, रेखा, सुमित्रा, रामकली, फूलकली, गौरा, अतलबाई, विनीता, कौशल्या, भागवती, रामा, लाड़कुंवर, रामवती, मीरा, श्रीबाई, कुसुम, नीलम के अलावा अनेकों महिलाएं मौजूद रहीं।

# गेटेम्बे फाउंडेशन की मिशन बेटियां की पहल की ऐतिहासिक जीत

## अब बिना पक्ष सुने नहीं होगी शिक्षकों पर कोई कार्यवाही

**ललितपुर।** प्रदेश के शिक्षकों के लिए राहत भरी बड़ी खबर सामने आई है। लगातार समय से विभिन्न जिलों में शिक्षकों की समस्याओं को उठाने वाली संस्था गेटेम्बे फाउंडेशन (ग्लोबल एमपावरमेंट टीम मिशन बेटियां) की मिशन बेटियां द्वारा पहल पर शिक्षा विभाग ने महत्वपूर्ण आदेश जारी करते हुए स्पष्ट किया है कि किसी भी शिक्षक या कर्मचारी पर उनका पक्ष सुने बिना कोई भी प्रशासनिक कार्यवाही नहीं होगी। यह आदेश प्रदेश के लाखों शिक्षकों के लिए न्याय और सुरक्षा की दिशा में बड़े बदलाव के रूप में देखा जा रहा है। शिक्षकों से जुड़े मुद्दों पर लगातार सक्रिय रही संस्था पिछले काफी समय से अलगङ्कअलग जिलों में शिक्षकों की समस्याओं को सुनकर दस्तावेज आधारित रिपोर्ट तैयार करती रही है। अनुचित कार्यवाहियों और पक्ष न सुने जाने की शिकायतें सामने आने पर संस्था ने इसे शासन स्तर पर उठाया। डॉ. जीत ने बताया की शिक्षकों एवं आमजन में बढ़ा संस्था पर विश्वास निरन्तर बढ़ता ही जा रहा हैं। आदेश के बाद पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष मो. मुनीर का कहना है कि पहली बार किसी संस्था ने हमारी बातों को सही तरीके से ऊपर तक पहुँचाया है एवं शिक्षक समाज के साथ सदैव रहने का काम किया हैं। गेटेम्बे फाउंडेशन की मिशन बेटियां की विशेषता है की यह बिना विवाद, बिना शोर, बिना राजनीति के केवल सकारात्मक और प्रमाणित कार्यवाही। इसी कारण अब शिक्षक खुलकर कहने लगे हैं कि यदि हम एकजुट होकर गेटेम्बे फाउंडेशन के मिशन बेटियां कार्यक्रम के साथ खड़े हों तो कोई भी अन्याय नहीं टिक सकता। डा.जीत गुप्ता ने कहा की अब टीम मिशन बेटियाँ शिक्षकों की पहली पसंद बन रही हैं क्योंकि समस्याओं का वास्तविक समाधान, पारदर्शी कार्यशैली, प्रशासनिक व कानूनी समझ, भ्रष्टाचार के खिलाफ निर्णायक रुख, हर शिक्षक को सुरक्षा का भरोसा, सेवा, समर्पण पर आधारित संगठन उन्होंने कहा संस्था का स्पष्ट संदेश शिक्षक सम्मानित होंगे तो शिक्षा मजबूत होगी।

# मेडीकल कॉलेज में शुरू हुआ थायराइड ट्यूमर का ऑपरेशन



## ईएनटी की सहायक आचार्य डा.नम्रता व डा.अनुपम मिश्रा ने किया ऑपरेशन

**ललितपुर।** स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय (मेडीकल कॉलेज) में विगत 04 नवम्बर 2025 को प्रधानाचार्य डा.मयंक कुमार शुक्ला के मार्गदर्शन में नाक, कान, गला विभाग की टीम द्वारा मरीज की थायराइड की गांठ का सफल ऑपरेशन किया गया। 58 वर्षीय प्राणपुरा निवासी महिला ने ईएनटी ओपीडी में विभागाध्यक्ष डा.नम्रता द्विवेदी को अपनी 01 वर्ष से बढ़ रही थाईराइड ग्रांथि की समस्या के लिए दिखाया था। इसके बाद डा.नम्रता द्विवेदी द्वारा मरीज की सभी जरूरी जांचे मेडिकल कॉलेज में करवाई गई। तत्पश्चात मरीज का पूरी बेहोरी में निश्चेतना विभाग के विरष्ठ परामर्शदाता डा.महेन्द्र सिंह व नाक, कान, गला विभाग की सर्जन टीम सहायक अचार्य डा.नम्रता द्विवेदी, सहायक अचार्य डा.अनुपम मिश्रा व सहायक अचार्य डा.श्रृद्धा गुपता एवं सिस्टर दीप्ती स्वर्णकार द्वारा सफल ऑपरेशन किया गया। मरीज पूर्ण रूप से स्वास्थ्य है। मरीज ने प्रधानाचार्य डा.मयंक कुमार शुक्ला व ई.एन.टी. टीम के प्रति आभार व्यक्त किया। प्रधानाचार्य ने बताया कि अब मेडिकल कॉलेज में सभी प्रकार के ऑपरेशन की सुविधायें दी जायेगी एवं ललितपुर क्षेत्र के मरीजों को बेहतर ईलाज के लिए बाहर नही जाना पड़ेगा।

# एमईएस ग्राउण्ड को खेल कार्यो के लिए आरक्षित करने की मांग



## युवाओं ने डीएम को भेजा ज्ञापन

**ललितपुर।** समाचार पत्रों के जरिए विकास कार्यों के लिए रक्षा विभाग की करीबन 272 एकड़ जमीन राजस्व को प्राप्त होने के बाद इलाइट के पास बना एमईएस खेल मैदान को खेल कार्यक्रमों के लिए ही आरक्षित रखे जाने की मांग को लेकर युवाओं ने एक ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा है। ज्ञापन में बताया कि विकास कार्यों के लिए रक्षा विभाग की करीबन 272 एकड़ जमीन राजस्व को प्राप्त हो गयी है, जिसे आवास–विकास बोर्ड को सौंपने की तैयारी है। उपरोक्त भूमि में इलाइट चौराहे, रामनगर रोड ललितपुर स्थित एमईएस ग्राउण्ड भी शामिल है। जिसमें शहर के समस्त खिलाडि?ों को वर्षों से प्रतिदिन खेल व शारीरिक गतिविधियों में दौड़ करते हैं। साथ ही विभिन्न टूर्नामेंट आदि का आयोजन होता है। यदि यह ग्राउण्ड आवासीय कालोनी में चला जाता है तो भविष्य में शहर का एक मात्र खेल ग्राउण्ड समाप्त हो जायेगा और शहर के मध्य खेल क्रियाओं में नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। युवाओं ने डीएम से मामले में सर्वे कराकर एमईएस ग्राउण्ड को खेल के लिए आरक्षित रखे जाने की मांग उठायी है। ज्ञापन देते समय आरिफ खान, विक्रम सिंह, जितेन्द्र विश्वकर्मा, चन्द्रेश कुमार, कपिल चौहान, नितांश विश्वकर्मा, मनीष गौतम, अमन, फरहान, जयकुमार के अलावा अनेकों युवा मौजूद रहे।

## » न्यूज कैप्सूल »

### पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप

**कोतवाली सदर व थाना बार क्षेत्र से मामले आये प्रकाश में**

**ललितपुर।** पुलिस चौकी नई बस्ती क्षेत्र के एक मोहल्ला में रहने वाले व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि उसकी 18 साल 3 माह वर्ष की पुत्री बीती 15 नवम्बर को रात करीब 11 बजे खाना खाकर घर में सो गयी थी। अगली सुबह 6 बजे जब वह सोकर उठा तो उसने देखा कि उसकी पुत्री घर में नहीं थी। उसने काफी खोजबीन की, लेकिन पुत्री नहीं मिली। पीड़िता ने आरोप लगाया कि पड़ोस में रहने वाला संजू पंथ पुत्र हरीराम उसकी पुत्री को अपनी बातों में बहला–फुसलाकर भगा ले गया है। यह भी आरोप है कि उसकी पुत्री घर में रखे एक लाख रुपये भी साथ में ले गयी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर संजू पंथ के खिलाफ बीएनएस की धारा 87 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी। वहीं थाना बार क्षेत्र के एक गांव में रहने वाले व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी 17 वर्षीय पुत्री बीती 15 नवम्बर को प्रतिदिन की भांति राजकीय इण्टर कॉलेज बार में कक्षा 12 में पढ़ने के लिए सुबह 9 बजे घर से निकली थी, जिसके बाद वह घर लौटकर नहीं आयी। पीड़िता ने आरोप लगाया कि उसकी पुत्री को गांव का भरत पुत्र ग्यासी अहिरवार बहला–फुसलाकर भगा ले गया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर भरत के खिलाफ बीएनएस की धारा 137 (2) व 87 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### टैक्सी की जोरदार टक्कर से युवक की मौत

**ललितपुर।** थाना जाखलौन क्षेत्रांतर्गत अखाड़ा मोहल्ला में रहने वाली अकल बाई पत्नी विजय अहिरवार ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 11 नवम्बर को रात करीब 10 बजे उसके पति विजय पुत्र मुन्ना अहिरवार खेत पर फसल की रखवाली करने के लिए पैदल जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से जाखलौन निवासी अनिल पुत्र गुलाब प्रजापति ने तेजी व लापरवाही से टैक्सी चलाते हुये उसके पति को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसका पति गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान विजय को चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के दौरान मृत घोषित कर दिया। बताया कि इस घटना के दौरान पुष्पेन्द्र पुत्र कल्लू अहिरवार व ईलू पुत्र रामसहाय रजक मौके पर मौजूद थे। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर टैक्सी चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 125 (बी) व 106 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### सिंचाई विभाग से घर जाते समय युवक पर हमला

**ललितपुर।** नामदेव समाज मंदिर के सामने तालाबपुरा निवासी बलराम कुशवाहा पुत्र श्यामलाल कुशवाहा ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि 16 नवम्बर को अपराह्न 1 बजे जब वह सिंचाई विभाग से कचहरी रोड से घर की ओर जा रहा था। वह जैसे ही तुवन चौराहा नहर के पास पहुंचा तभी रास्ते में आजादपुरा निवासी अनिल कुशवाहा पुत्र रमेश कुशवाहा, धर्मेंद्र विश्वकर्मा अपने दो अज्ञात साथियों के साथ आये और उसे रोक लिया। आरोप है कि उक्त लोगों ने उसे गालियां दीं, विरोध करने पर चारों ने एक राय होकर उसके साथ मारपीट कर दी। शोरगुल होने पर वहां से गुजर रहे अभिषेक रजक ने बीच–बचाव किया तो अभिषेक के साथ भी उक्त लोगों ने गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने बलराम कुशवाहा की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### जमालपुर में दो घरों में चोरी की वारदात, मुकदमा दर्ज

**तालबेहट।** कोतवाली क्षेत्र के जमालपुर गांव में एक ही रात में दो घरों के ताले तोड़कर अज्ञात चोरों ने सोनेङ्कचांदी के जेवरात और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। पीड़ितों के शिकायती पत्र पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच प?ताल शुरू कर दी। जमालपुर निवासी वर्षा पत्नी मनोहर अहिरवार ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि दिनांक 11 नवंबर 2025 की रात उनके घर का ताला अज्ञात चोर तोड़ ले गए। घर में रखी करधौनी चांदी, चार चांदी के कंगन, पांच जोड़ी विछिया, दो चांदी की विछिया तथा नगदी रकम चोरी कर ले जाई गई। वहीं इसी रात गांव के ही राकेश साहू पुत्र नाथूराम के घर का ताला भी अज्ञात चोरों ने तोड़ दिया। चोर उनके घर से एक सोने का हार, सोने का मंगलसूत्र, एक पानचाली, नथ, वैशर, हाय, दो जोड़ी छुमकी, एक करधौनी चांदी, दो जोड़ी पायल, छह जोड़ी विछिया, एक चांदी की चैन, एक चांदी का कड़ा तथा नगदी रकम चोरी करके फरार हो गए। दोनों मामलों में पीड़ितों ने पुलिस ने मामला दर्ज कर अज्ञात चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

### कलौथरा गांव में दो पक्षों में कहासुनी के बाद लाठी-डंडों से हमला

**तालबेहट।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कलौथरा में बच्चों के खेल को लेकर हुए विवाद के बाद दो पक्ष भिड़ गए, जिसमें एक महिला घायल हो गई। घटना सोमवार शाम करीब चार बजे की बताई जा रही है। पीड़िता मीरा पत्नी स्व. खुशीलाल कुशवाहा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि सोमवार की शाम दरवाजे पर बच्चों के खेलने को लेकर सावित्री पत्नी सीताराम व सीताराम कुशवाहा पुत्र लक्ष्मण, निवासी ग्राम कलौथरा, गाली–गलौज करने लगे। जब मीरा की भाभी भारती ने गाली देने से मना किया तो विपक्षी पक्ष ने लाठी–डंडों से हमला कर दिया।

## » न्यूज कैप्सूल »

### अमेरिका से पधारी कुसुम माताजी

**झांसी।** विचार क्रांति अभियान गायत्री परिवार युग निर्माण योजना की माताजी श्रीमती कुसुम अमेरिका से बुंदेलखण्ड की धरा धाम पर श्री गायत्री महायज्ञ सम्पन्न कराने एवं परम वंदनीय माताजी की शताब्दी पर 251 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ सम्पन्न कराने एवं युग सृजन सेनानियों की कर्मठ टीम बनाने हेतु कृत संकल्पित हैं। आप अमेरिका की शक्तिपीठ में प्रमुख ट्रस्टी एवं उच्च स्तरीय साधिका हैं। उक्त जानकारी गायत्री परिवार से जुडे स्वयं सेवक दीनदयाल मिश्रा ने देते हुए बताया कि 251 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ 21से 24 फरवरी 2026 में श्रीधाम अयोध्या में सम्पन्न होगा।

### किसानों को पत्ता गोभी की उन्नत खेती अपनाने की सलाह

**झाँसी।** रानी लक्ष्मी बाई केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय के निदेशक प्रसार शिक्षा डॉ. सुशील कुमार सिंह ने बुंदेलखंड क्षेत्र के सब्जी उत्पादक किसानों से सर्दियों के मौसम में पत्ता गोभी की उन्नत खेती अपनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि पत्ता गोभी एक महत्वपूर्ण सब्जी फसल है, इसका उपयोग सब्जी से लेकर सलाद और विभिन्न व्यंजनों में किया जाता है। उत्तर भारत में इसकी खेती सर्दियों के दौरान बड़े पैमाने पर की जाती है, इससे किसानों को बेहतर आर्थिक लाभ मिलता है। डॉ. सिंह ने बताया कि स्वस्थ व मजबूत पौधे तैयार करने के लिए उठी हुई सैय्या पर नर्सरी बनाकर पौध तैयार करें। एक हेक्टेयर क्षेत्र के लिए सामान्य पत्ता गोभी में 300दृ500 ग्राम तथा संकर किस्मों में 200,250 ग्राम बीज पर्याप्त होता है। बीज बोने से पहले 3 ग्राम थीरम या कार्बेन्डाजिम से उपचारित करना जरूरी है। नर्सरी में बीज 2,3 सेंटीमीटर गहराई पर बोएं और सप्ताह में एक बार हल्की सिंचाई करते रहें।

### मशरूम उत्पादन में किसानों की बड़ती दिलचस्पी

**झांसी।** रानी लक्ष्मी बाई केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय का मशरूम उत्पादन एवं उद्यमिता केंद्र इन दिनों झांसी और आसपास के क्षेत्रों के किसानों, युवाओं तथा महिला समूहों के बीच तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। पादप रोग वैज्ञानिक एवं सहायक प्राध्यापक 'डॉ. शुभा त्रिवेदी' ने बताया कि केंद्र निरंतर व्यावहारिक प्रशिक्षण देकर किसानों को आधुनिक मशरूम उत्पादन तकनीक, प्रसंस्करण और उद्य मिता विकास से जोड़ रहा है। इससे बड़ी संख्या में लोग रोजगार और स्वावलंबन की दिशा में नए अवसर पा रहे हैं। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के साथ-साथ विश्वविद्यालय द्वारा उच्च गुणवत्ता वाला खादी एवं औषधीय मशरूम का स्पॉन भी रियायती दर पर उपलब्ध कराया जा रहा है। केंद्र पर तैयार होने वाली प्रमुख प्रजातियों में बटन मशरूम, धींगरी (ओएस्टर), शिटाके किंग ओएस्टर, सफेद धींगरी एवं मिल्की मशरूम शामिल हैं। इनका मूल्य विश्वविद्यालय ने 100 प्रति किलोग्राम निर्धारित किया है, जिससे सीमित संसाधनों वाले किसान भी आसानी से उत्पादन शुरू कर सकें। विशेषज्ञों का कहना है कि बुंदेलखंड में मशरूम उत्पादन एक उभरता हुआ लाभकारी व्यवसाय है।

### डीआरएम ने की सुरक्षा व्यवस्था व स्टेशन प्रबंधन की समीक्षा

**झांसी।** मंडल रेल प्रबंधक अनिरुद्ध कुमार ने गढ़मऊ रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। मंडल रेल प्रबंधक ने गढ़मऊ गुड्स शेड में चल रहे उन्नत एवं आधुनिकीकरण कार्य का विस्तृत जायजा लिया। इसके साथ ही गुड्स शेड में लोडिंगङ्कअनलोडिंग व्यवस्था, माल ढुलाई संचालन, सुरक्षा प्रबंधन, कार्यप्रवाह, प्रकाश व्यवस्था तथा लाइन उपयोग की स्थिति का गहन परीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्टेशन परिसर में उपलब्ध विभिन्न यात्री सुविधाओं, साफङ्कसफाई, सुरक्षा व्यवस्था तथा स्टेशन प्रबंधन की बारीकी से समीक्षा की। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए तथा यात्रियों की सुविधा के लिए हर स्तर पर बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने पर जोर दिया। इसके अतिरिक्त, उन्होंने समपार फाटक संख्या 124 का भी निरीक्षण किया तथा वहां की सुरक्षा व्यवस्था, एवं परिचालन व्यवस्था की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

### पहले शराब पी थी, फिर उधार के लिए मांगा था पैसा, न देने पर उतारा था मौत के घाट

**झांसी।** साहब, पहले शराब की पार्टी मनाई थी। इसके बाद पैसा कम पड़ा तो रमेश से उधार के लिए पैसा मांगा था। जैसे ही उसने पैसा देने से मना किया तो तीनों ने मिलकर रमेश की गला घोंटकर हत्या कर दी थी। विरोध पर रमेश के बेटे पर हमला किया था। इसके बाद वह लोग अपने गांव भाग गए थे। यह बात मुठभेड़ में पकड़े गए 25-25 हजार के इनामी आरोपियों ने पुलिस से कही है। गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपियों को अदालत में पेश किया। यहां से उनको जेल भेजा गया। इस मामले में हत्याकांड के मास्टर माइंड की तलाश की जा रही है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बीबीजीटीएस मूर्ति ने बताया कि कोतवाली थाना क्षेत्र के पंचवटी कालोनी अंजनी माता मंदिर के पास रहने वाले रमेश प्रजापति की गला घोंटकर हत्या की गई थी।

# 2027 में यूपी में जीत की हैट्रिक लगाएगी भाजपा सरकारः उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य





### प्रदेश के डिप्टी सीएम बबीना विधानसभा के एकता मार्च में हुए शामिल, यात्रा में उमड़ा जन सैलाब

**झांसी।** बबीना विधानसभा में विशाल एकता यात्रा चिरगांव में आयोजित हुई। कार्यक्रम में प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि आज पूरे देश में भाजपा के प्रति बहुत ही अच्छा माहौल है। जिस तरह से महाराष्ट्र, हरियाणा, दिल्ली और बिहार में भाजपा ने जीत हासिल की है। उसी तरह उत्तर प्रदेश में तीसरी बार प्रचंड बहुमत की भाजपा की सरकार बनाने का काम जनता करेंगी। चिरगांव के राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त महाविद्यालय के भव्य मैदान में आयोजित विशाल एकता मार्च की जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्री मौर्य ने कहा कि कांग्रेस के डीएनए में वोट चोरी है। अखिलेश यादव को 2027 में सैफई जाने का आभास हो गया है। अखिलेश यादव मगध में हारे हैं, अब अवध में भी हारेंगे। केशव ने कहा कि दल जीत गया और छल हार गया है। देश कांग्रेस मुक्त भारत की ओर बड़ रहा है। आरजेडी मुक्त बिहार और सपा मुक्त यूपी होना चाहिए। उन्होंने कहा कि आप सभी पीएम नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत करेंगे और भारत को शक्तिशाली बनाने में अपना योगदान देने का काम करेंगे। कार्यक्रम में उपस्थित भारी जन समुदाय को देखते हुए उन्होंने विधायक राजीव सिंह पारीछा की तारीफ की। एकता मार्च के आयोजक बबीना विधायक श्री पारीछा ने लोह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के राष्ट्र के प्रति योगदान को याद किया। उन्होंने सभी से उनके बताए रास्ते पर चलने का आह्वान किया। कहा कि आज हम जो अखंड भारत का स्वरूप देखते है, उस भारत को अखंडता प्रदान करने का कार्य आदरणीय पटेल साहब ने ही किया है। इससे पूर्व वीर रस के चर्चित कवि राम भदावर ने अपनी उर्जावान रचनाओं से माहौल को भक्ति रस से सरोवर कर दिया। जनसभा के बाद निकली भव्य और विशाल एकता यात्रा में महाविद्यालय से मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य भी शामिल हुए। यात्रा मंडी, रामनगर चौराहा, थाना, पहाड़ी चुंगी, पहाड़ी तिराहा मिश्रा ढाबा से अंतिम पड़ाव महेवा तिराहे पहुंची। जहां पुनः जनसभा हुयी। प्रत्येक चौराहे पर यात्रा में शामिल लोगों पर पुष्पवर्षा की गई। यात्रा में देशभक्ति गीत, विभिन्न झांकियां भी सम्मिलित हुयी। यात्रा के माध्यम से सभी ने राष्ट्रपुरुष सरदार पटेल को श्रृद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में एमएलसी श्रीमति रमा निरंजन, रामतीर्थ सिंघल, डॉ. बाबूलाल तिवारी, दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री हरगोविंद कुशवाहा, जमुना प्रसाद कुशवाहा, विधायक रश्मि आर्य, जवाहरलाल राजपूत, मेयर बिहारी लाल आर्य, जिला अध्यक्ष हेमंत परिहार, प्रदीप पटेल, चिरगांव नगर पालिका अध्यक्ष कुंवर राघवेंद्र सिंह, यात्रा प्रभारी मुकेश मिश्रा, ब्लॉक प्रमुख चंद्रकांतेश वर्मा, डॉ वैभव गुप्ता, संजीव श्रृंगीऋषि आदि उपस्थित रहे।

## वीरांगनाओं का किया सम्मान एवं संगोष्ठी सम्पन्न



**झाँसी।** महारानी लक्ष्मीबाई जन्म दिवस समारोह महासमिति एवं युवा ब्राह्मण महासंघ के संयुक्त तत्वावधान में रानी महल स्थित श्री गोपीनाथ जी के मंदिर में वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में वीरांगनाओं का सम्मान एवं संगोष्ठी एमएलसी श्रीमती रमा निरंजन के मुख्य आतिथ्य में एवं महासमिति के अध्यक्ष रवीश त्रिपाठी की अध्यक्षता में हुई । विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला धर्माचार्य महंत विष्णुदत्त स्वामी एवं श्रीमती संध्या त्रिपाठी उपस्थित रहीं । प्रारम्भ में झाँसी की रानी की प्रतिमा पर अतिथियों ने पुष्पांजलि अर्पित की। अतिथियों का स्वागत मनोज पाठक, अंकुर अग्रवाल, मुकेश सिंघल ,अखिलेश पाण्डेय, विनोद अग्रवाल आदि ने पुष्प गुच्छ भेंट कर किया। तत्पश्चात कु0 गुनगुन पाठक ने सरस्वती वन्दना एवं झाँसी की रानी की कविता से संगोष्ठी का शुभारम्भ किया। मुख्य अतिथि श्रीमती रमा निरंजन ने कहा कि आज हम सबको वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई के शौर्य, पराक्रम से प्रेरणा लेना चाहिए। महारानी लक्ष्मीबाई ने झाँसी ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में झाँसी के नाम को गौरवान्वित किया है। अध्यक्षता करते हुए रवीश त्रिपाठी ने कहा कि महारानी लक्ष्मीबाई ने देश को एक दिशा दी है उस तेजस्वी महिला का तेज देखकर हमारी आंखें चकाचौंध हो जाती हैं। उ0प्र0 सरकार से मांग करते हुए कहा कि 19 नवम्बर को झाँसी रानी के जन्म दिवस पर सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाये। विशिष्ट अतिथि श्रीमती संध्या त्रिपाठी ने कहा कि वर्तमान परिवेश में हमारी भूमिका ऐसी हो कि पूरा देश आगे ब? तभी हमारा देश तरक्की करेगा। महिला संगोष्ठी में अर्चना दुबे, सीमा पाठक, श्रीमती मधु अग्रवाल,रीता पश्तोर, कामिनी अग्रवाल, मीना, रीता बट्टा, नीलम गुप्ता, रेनू चौरसिया, नंदा यादव, द्रोपती, निशा अग्रवाल, रजनी ,अनीता गुप्ता,उर्मिला पटेरिया, इंदिरा परिहार, सरोज राजपूत, सीमा साहू किरण वर्मा, सुधा गुप्ता, पूनम वर्मा, अनीता डांगी आदि ने विचार व्यक्त करते हुए वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई के शौर्य से प्रेरणा लेने का आव्हान किया। सभी वीरांगनाओं को शॉल ,श्रीफल एवं पग?ी पहनाकर सम्मानित किया गया। संचालन संजीव शर्मा एवं राकेश तिवारी एवं आभार मार्तंड स्वामी ने व्यक्त किया।

## पति-पत्नी ने रेलवे का ठेका दिलाने के बहाने हड़पे 96 लाख

**झांसी।** एक दंपति ने रेलवे का ठेका दिलाने के नाम पर 96 लाख की ठगी कर ली है। इस मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

प्रेमनगर थाना क्षेत्र के हंसारी निवासी शीतू शिवहरे ने पुलिस को बताया कि करीब दो साल पहले उसकी मुलाकात प्रदीप सारस्वत से हुई थी। प्रदीप ने खुद को ठेकेदार व अपने भाई को रेलवे का उच्च अधिकारी बताया। उसने शीतू को भरोसा दिलाया कि भाई की मदद से रेलवे समेत किसी भी कंपनी में वह ठेका दिला देगा। प्रदीप उसे अपने साथ कई जगह लेकर गया। यहां प्रदीप का काम चल रहा था। प्रदीप ने मार्च 2023 में बताया कि उसे ग्वालियर की एक बड़ी कंपनी में सरिया बनाने का काम मिला है। उसे इतना बड़ा ऑर्डर पूरा करने के लिए पैसों की जरूरत है। इसके लिए वह पार्टनर बनाने पर राजी हो गया। शीतू ने आरटीजीएस के जरिये प्रदीप की फर्म बालाजी कंस्ट्रक्शन को दस लाख रुपये ट्रांसफर कर दिया। अलग-अलग काम के लिए 20 लाख रुपये ले लिए। शीतू से नई फर्म बनाने की बात भी तय कर ली। नई फर्म न बनने तक पुरानी फर्म से काम करने की बात कही। 6 जून से 25 अप्रैल तक प्रदीप और उसकी पत्नी मीनू गुमराह करके रकम लेते रहे। नई फर्म भी नहीं बनाई। पैसों का हिसाब भी नहीं दिया जबकि उससे कुल 96 लाख रुपये ले लिए थे। कुछ समय पहले जब शीतू ने पैसे देने से इन्कार करके पुराना हिसाब मांगा तब आरोपी उसे धमकाने लगे। हत्या कर देने की धमकी दी। तहरीर के आधार पर प्रेमनगर थाने में दोनों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

### कांग्रेस टेलेंट हंट के जरिये तलाश करेगी नये प्रवक्ता

**झांसी।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी मीडिया विभाग देशभर में प्रवक्तओं एवं मीडिया पेनिलिस्टो की टीम का विस्तार करने के लिये नये चेहरों का नये विचारो समता, स्वतन्त्रता व न्याय के आदर्शो की रक्षा के लिये सक्रिय लोगों का चयन करने के लिये उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय प्रतिभा खोज टेलेन्ट हंट का आयोजन करने जा रही है। शहर जिला प्रवक्ताओं व पेनलिस्टों बनने के इक्छुक कांग्रेस विचारधारा के लोग इस कार्यक्रम से जुड़ने के लिये जिला व शहर कांग्रेस कमेटी के माध्यम से 20 नवंबर तक पंजीयन करा सकते है। इस कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न करने के लिये मनीष श्रीवास्तव श् हिन्दवी श् को प्रदेश संयोजक एवं प्रेमनारायण पाल व अलीमुल्लाह खान को बुंदेलखंड जोन की जिम्मेदारी दी गई है। यह जानकारी जिला मीडिया प्रभारी अमीर चंद आर्य ने दी है।


### हाइवे पर दो बाइक भिड़ी, चार घायल

**झांसी।** रक्सा थाना क्षेत्र के करौंदा माता मंदिर के पास स्थित पीएसएफ वेयरहाउस के सामने दो मोटर साइकिलों की जोरदार टक्क हो गई जिससे चार लोग घायल हो गए। घायलों में पति-पत्वी व मासूम बच्चा भी शामिल है। सभी घायलों को मेडिकल कालेज लाया गया।

रक्सा थाना क्षेत्र के ग्राम इमिलिया निवासी करन कुशवाहा अपनी पत्नी ममता कुशवाहा और डेढ़ वर्षीय बेटे के साथ ग्राम डेली से अपने गांव वापस जा रहे थे। यह लोगों रॉयल सिटी के पीछे लखन लाल की बटाई पर खेती करते हैं और रात होने के घर लौट रहे थे। जैसे ही यह लोग पीसीएम गोदाम के सामने राजमार्ग के पास पहुंचे, तभी शिवपुरी के हिम्मतपुर के पिछोर निवासी रघुवीर परिहार अपनी मोटरसाइकिल से रॉन्ग साइड आ रहे थे, उसने करन की मोटर साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी जिससे चारों लोग घायल हो गए। साथ ही दोनों मोटर साइकिल बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। इसी दौरान वहां से गुजर रहे राहगीरों ने घायलों को उपचार के लिए मेडिकल कालेज भेज दिया। इस घटना की सूचना मिलते ही रक्सा पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस का कहना है कि घायलों को यूपी 11 2 से मेडिकल कालेज भिजवा दिया है। इसकी सूचना घायल के परिजनों को दे दी है।

## नगर आयुक्त ने इसाईटोला वार्ड नं0 26 का किया निरीक्षण दिया निर्देश






**झांसी।** नगर आयुक्त आंकाक्षा राना ने प्रातः 7.30 बजे वार्ड नं0 26 इसाईटोला द्वितीय का निरीक्षण किया, जिसमें सर्वप्रथम सफाई कर्मचारियों की उपस्थिति की जांच की गयी जिसमें कुल 26 कर्मचारियों में दो कर्मचारी अनुपस्थित पाये गये। वार्ड नं0 26 में खातीबाबा मन्दिर मार्ग पर स्थित दुकानों से डोर-टू-डोर कलेक्शन कम प्राप्त होने पर दुकानदारों से सम्पर्क स्थापित कर आईईसी गतिविधि के माध्यम से जागरूक कर बड़ाये जाने तथा डोर-टू-डोर कलेक्शन को बड़ाये जाने के निर्देश नगर स्वास्थ्य अधिकारी को दिये। वार्ड नं0 26 के निवासियों द्वारा खाली प्लाट पर निवासियों द्वारा कूड़ा डालने से रोके जाने का अनुरोध किया गया जिस पर सम्बन्धित सफाई निरीक्षक को नियमानुसार नोटिस जारी किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। इसाईटोला में पेट्रोल पम्प के पास बने मूत्रालय का निरीक्षण किया गया जिसमें प्रत्येक दिवस सफाई कराये जाने के निर्देश दिये गये है। खातीबाबा से निर्मला कान्वेन्ट स्कूल मार्ग पर बने सेल्फी प्वाइन्ट जिसमें झाड़िया एवं जंगली पौध उगी हुई थी तथा लाइट भी टूटी हुई पाये जाने पर नगर आयुक्त ने सेल्फी प्वाइन्ट की सफाई कराये जाने तथा लाइट चालू कराये जाने के निर्देश दिये। इसके पश्चात् खातीबाबा से निर्मला कान्वेन्ट स्कूल मार्ग पर रवि किराना स्टोर के पास नाले में सिल्ट की सफाई कराकर फोटो उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये। इसके पश्चात् निर्मला कान्वेन्ट स्कूल के पास लगे ठेलों की डोर-टू-डोर की रसीद स्थल पर ही डोर-टू-डोर कलेक्शन के प्रतिनिधि को दिये जाने के निर्देश दिये। तदोपरान्त इसाईटोला पर ए-1 कालोनी में नाले के समीप अतिक्रमण होने पर नियमानुसार कार्यवाही करते हुए अतिक्रमण हटाये जाने के निर्देश जोनल अधिकारी को दिये। तथा सेन्ट्रल प्लाजा के पीछे स्थित नाले का निरी क्षण किया गया जिसमें घास और जंगली पौध उगी हुई थी जिसको दलेल लगाकर सफाई कराये जाने के निर्देश दिये गये। निरी क्षण के दौरान क्षेत्रीय पार्षद नरेन्द्र किशोर, अपर नगर आयुक्त राहुल कुमार यादव, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा धीरेन्द्र गुप्ता, अधिशासी अभियन्ता श्रीमती नीना सिंह, सहायक अभियन्ता राजकुमार भद्रसेन, अवर अभियन्ता देवीलाल, अवर अभियन्ता कल्याण सिंह सफाई निरीक्षक मनोज श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

### फिर बुरे फंसे बिल्डर संदेश गुप्ता, स्टेट बैंक अफसरों समेत तीन पर मुकदमा

**झांसी।** फ्लैट दिलाने के बहाने चर्चित बिल्डर ने एक महिला से लाखों रुपया हड़प कर लिया। इस मामले में स्टेट बैंक के अफसरों व बिल्डर के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कर लियया गया। बबीना थाना क्षेत्र के भेल निवासी शालिनी सिंह ने प्रेमनगर थाने में तहरीर देते हुए बताया कि राजगढ़ के पास सिग्नेचर टावर के विज्ञापन को देखकर उसने सिविल लाइंस के जानकीपुरम कॉलोनी निवासी बिल्डर संदेश गुप्ता से संपर्क किया था। बिल्डर संदेश ने फ्लैट की कीमत 30.67 लाख रुपये बताते हुए बीस फीसदी रकम जमा कराने को कहा। एसबीआई मेडिकल शाखा के अधिकारी के कहा कि फाइनेंस हुई शेष रकम बिल्डर को दे जाएगी, जिससे वह समय पर फ्लैट का निर्माण काम पूरा कर सके। कब्जा देने तक ब्याज बिल्डर की ओर से जमा कराने की बात कही। शालिनी ने कागजी प्रक्रिया पूरी करके मार्जिन मनी के तौर पर 8.67 लाख रुपये बिल्डर संदेश गुप्ता के खाते में जमा कर दिए। शालिनी का कहना है कि दस साल से अधिक समय बीत जाने के बाद भी न पैसा वापस किया गया न ही उनको फ्लैट मिला। पुलिस ने बिल्डर समेत तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। मालूम हो कि बिल्डर संदेश गुप्ता के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में आधा दर्जन से अधिक मुकदमे विभिन्न थानों में दर्ज हैं। पुलिस उसे कई महीनों से तलाश रही है लेकिन, बिल्डर सामने नहीं आ रहा है।

स्वामी निष्ठावान एडवरटाइजर्स एण्ड मीडिया प्रा.लि.,मुद्रक, प्रकाशक, श्रीमती रीता सिंह द्वारा प्रदेश वॉच मीडिया ग्रुप, 11, प्रेस कॉम्प्लेक्स, एम.पी. नगर, भोपाल-462023, म.प्र. से मुद्रित एवं कैमासनपुरम, करगुँजी, मेडिकल कॉलज के पास, कानपुर रोड, झाँसी से प्रकाशित।
संपादकः बालेन्द्र गुप्ता पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिम्मेदार (सभी विवादों का न्यायालय क्षेत्र झांसी रहेगा।) फोनः 9936277530, 9450071944, ई-मेलः balendragupta271@gmail.com आर.एन.आई.नं. UPHIN 2012/47946